हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, मंगलवार, 3 दिसंबर 2024




# 5 साल में बिछी नागपुर से नांदगांव तक तीसरी लाइन, अब इस रूट पर ट्रेन नहीं होगी रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

रायपुर से नागपुर के बीच अब एक साथ तीन पटरी रेलवे बिछा दी गई है। इस रूट पर यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए बीते 5 सालों में सैकड़ों ट्रेनों को रद्द करना पड़ा है। लगातार ट्रेनों के रद्द होने से यात्रियों की नाराजगी होने से रेलवे लगातार ट्रेनों की संख्या बढ़ा रहा है। जिसमें यात्री ट्रेन और मालगाड़ी भी शामिल है।

ट्रेनों के विलंब होने के पीछे मुख्य कारण पटरियों के लाइन में कमी है, लेकिन अब तीसरी लाइन की सुविधा मिलने से एक साथ तीन पटरियों का इस्तेमाल होगा। रेलवे की योजना है कि दो पटरी पर यात्री ट्रेन का परिचालन होगा और एक मालगाड़ी को चलाने के लिए उपयोग किया जाएगा। इस तरह यात्री ट्रेन निर्धारित समय पर पहुंच पाएगी। इसके साथ कई ट्रेनों की रफ्तार भी बढ़ जाएगी। जानकारी के अनुसार रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव इसकी जांच भी करेंगे।

## रेलवे की योजना के तहत दो पटरी पर दौड़ेगी यात्रियों से भरी ट्रेन, एक ट्रैक पर मालगाड़ी को चलाने की प्लानिंग

### अफसर बताएंगे कार्यों की उपलब्धि

रेल मंत्री के दौरे को लेकर अधिकारियों की तैयारी अंतिम चरण पर है। ट्रेन में बैठे हुए रेल मंत्री पटरियों की जांच करेंगे। इस दौरान ट्रेन में ही अधिकारियों से बैठक भी करेंगे। जोन व मंडल के अधिकारी रेल कार्यों की उपलब्धि बताएंगे। जानकारी के मुताबिक जोन के अफसर रेल मंत्री से यात्री सुविधा के विस्तार पर भी चर्चा करेंगे। रायपुर में लगभग एक घंटे मंत्री समय बिताएंगे। ऐसे में अधिकारी स्टेशन में सभी कमियों को दूर कर रहे हैं, ताकि शिकायत का मौका ही न मिले।

### खास बातें

- ट्रेन पहुंचने का सुधरेगा समय
- योजना के तहत जल्द तीन पटरियों पर दिखेगी ट्रेनें
- यात्रियों को मिलेगी बेहतर सुविधाएं



### हजारों ट्रेन रद्द होने के बाद अब सफर आरामदायक

राजनांदगांव से रायपुर के बीच रेलवे ने तीसरी लाइन का काम पहले ही पूरा कर लिया था। 2017-18 से नागपुर तक तीसरी लाइन का काम रेलवे ने शुरू किया है। रेलवे की इस परियोजना के अंतर्गत राजनांदगांव से कलमना, नागपुर के मध्य 228 किमी तीसरी लाइन का निर्माण लगभग 3544 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से किया गया है। वर्तमान में यह परियोजना अपने अंतिम चरण पर है। इस परियोजना के अंतर्गत राजनांदगांव-कलमना स्टेशन के मध्य लगभग 200 किमी से अधिक तीसरी रेल लाइन का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। अब इस रूट पर यात्रियों का सफर आरामदायक होने वाला है। आउटर में बिना रूके यह ट्रेन अपने समय पर पहुंचेगी। हजारों ट्रेनों को रद्द करने के बाद यात्रियों को इस रूट पर ट्रेनों के रद्द होने से मुक्ति मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### विधानसभा अध्यक्ष आज जिले के प्रवास पर



**राजनांदगांव।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 3 दिसम्बर 2024 को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 3 दिसम्बर को सुबह 11 बजे विधानसभा अध्यक्ष निवास शंकर नगर रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 12.30 बजे राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम ठाकुरटोला स्थित सीआरसी पहुंचेंगे एवं दिव्यांगजनों को किट वितरण करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 2 बजे ग्राम पंचायत पारीखुर्द पहुंचेंगे और विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे। डॉ. रमन सिंह शाम 4 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे व समय आरक्षित रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष शाम 6 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से कार द्वारा रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### बाइक टकराई, एक की मौत, दो घायल




**राजनांदगांव।** बूचाटोला रोड में दो बाइक में जबर्दस्त भिडंत हो गई। इस घटना में एक बाइक सवार की मौत हो गई। वहीं दो घायल हैं, जिन्हे उपचार हेतु चिकित्सालय में भर्ती किया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक एक बाइक में सवार होकर आकाश मंडावी 22 वर्ष कनेरी एवं शेरूराम मंडावी रिश्ते के लिए लड़की देखने ठाकुरबांधा की ओर जाने निकले थे। वे दोपहर लगभग पौने बारह बजे छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बूचाटोला मार्ग में पहुंचे ही थे कि सामने से आ रही एक बाइक सवार से जोरदार टकरा गए। इस घटना में आकाश मंडावी की मौत हो गई। वहीं शेरूराम सहित एक अन्य घायल है, जिसे उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती किया गया है।

### नामदेव होंगे गैंदाटोला थाना प्रभारी

**राजनांदगांव।** जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने एक आदेश जारी कर गैंदाटोला के थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश कुमार पटेल का स्थानांतरण रक्षित केन्द्र में किया है। उनके स्थान पर अब निरीक्षक अरूण कुमार नामदेव को रक्षित केन्द्र से गैंदाटोला स्थानांतरित किया गया है।

### माय एंगल




## सीसीटीवी फुटेज से मिला सुराग, पूछताछ में कबूला जुर्म

# पानी भरने को लेकर विवाद महिला ने की वृद्धा की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नल से पानी भरने के लिए आए दिन विवाद होने से आक्रोशित महिला ने वृद्ध महिला की पत्थर मारकर हत्या कर दी थी। डोंगरगांव क्षेत्र में हुए इस घटना की सूचना पर जांच पड़ताल करते पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत नया बस स्टैंड स्थित सुलभ शौचालय के पास गत दिवस सुबह के समय एक वृद्ध महिला का शव देखा गया था। जिसके सिर पर गंभीर रूप से हमला किया गया था व चोंट के निशान थे। इस घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर रही थी। मृतिका की शिनाख्ति श्रीमती रूखमणीबाई साहू 70 वर्ष नया बस स्टैंड के पास काम्प्लेक्स के पीछे निवासी के रूप में की गई थी। पुलिस इस मामले की विवेचना कर रही थी।

### खास बातें

- पत्थर को भी पुलिस ने किया मौके से जब्त
- मृतक एवं आरोपी बस स्टैंड के पास गए थे पानी भरने



### सीसीटीवी कैमरा को खंगाला

इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा ने पत्रकारवार्ता में बताया कि उक्त घटनाक्रम के संबंध में डोंगरगांव पुलिस एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा आरोपियों की पतासाजी करने हेतु आसपास के सीसीटीवी कैमरा को खंगाला गया। साथ ही मुखबीर भी लगाए गए। विवेचना के दौरान सीसीटीवी के आधार पर पुलिस को पता चला कि उस दौरान आरोपिया भुनेश्वरी विश्वकर्मा और मृतिका श्रीमती रूखमणीबाई साहू दोनों बस स्टैंड के पास नल में पानी भरने आए थे।

### पत्थर से किया वार

रूखमणीबाई लगभग साढ़े 4 बजे अपने चारो पानी के डिब्बा को लेकर नल के पास आई, तब मौका देखकर आरोपिया ने अपने हाथ में रखे पत्थर से रूखमणीबाई के सिर में वार कर चोंट पहुंचाई, तब वह भागने लगी, लेकिन भुनेश्वरी पुनः उसे पकड़कर खींचकर नल के पीछे काम्प्लेक्स के पास घसीटकर ले गई। पास में रखे पत्थर से सिर में बार-बार वार किया एवं पुनः काम्लेक्स के पीछे प्रसाधन के पास सकरे जगह मे ले जाकर फेंक दिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त पत्थर को जब्त कर लिया है। आरोपिया को विधिवत गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है।

### पत्थर से वृद्धा के सिर पर किया हमला

पुलिस ने संदेह के आधार पर आरोपी भुनेश्वरी विश्वकर्मा 40 वर्ष से मनोवैज्ञानिक रूप से गहन पूछताछ किया, जो अपना जुर्म स्वीकार करते पुलिस को बताई कि दोनों प्रतिदिन वहां पानी भरने आते थे। इस दौरान पानी भरने के संबंध में अक्सर दोनों में विवाद होती रहती थी। जिससे आरोपिया अपने आपको मानसिक रूप से प्रताड़ित होना महसूस करती थी। इसी बात को लेकर आरोपिया ने योजनाबद्ध तरीके से हत्या करने की नियत से 30 नवंबर को रात्रि करीबन लगभग साढे 3 बजे रूखमणीबाई के नल के पास आने से पूर्व पहुंचकर अपने हाथ में पत्थर रखकर वार करने के लिए छुपकर खड़ी थी।

# गांव की सरकारी जमीन में हेराफेरी ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला अंतर्गत मोहला विकासखंड के ग्राम कंगलुटोला के सैकड़ों महिला-पुरूष ग्रामीण आज दोपहर 12 बजे दाना-पानी लेकर तहसील कार्यालय में धावा बोलते 3 घंटे तक कार्यालय का घेराव किया और राजस्व विभाग के खिलाफ तल्ख नारेबाजी करते धरना प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम की महिला कोटवार के परिवार द्वारा पूर्व में प्राप्त गांव के कोटवारी सेवा भूमि को बेचकर रजिस्ट्री करा लिए हैं और अब ग्राम में स्थित 10 एकड़ सरकारी निस्तारी की भूमि पर कब्जा कर ग्रामवासियों के बिना सहमति के फर्जी तौर पर पर्चा पट्टा बनवा लिया है। ग्रामीणों ने कोटवार द्वारा किए गए कब्जा और भूमिस्वामी बनाने को राजस्व विभाग मोहला के पटवारी-तहसीलदार की मिलीभगत का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने बताया कि मामले को लेकर पूर्व में राजस्व पखवाड़ा, कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत किया गया था। जिसके उपरान्त भी प्रशासन द्वारा आवश्यक कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद कंगलुटोला के महिला, पुरूष, युवक व ग्रामीण लामबंद होते हुए राजस्व प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करते घंटों तहसील ऑफिस को घेरे रखा। मौके पर राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे।

घंटों प्रदर्शन के बाद नायब तहसीलदार दिनेश साहू मोहला द्वारा आश्वासन के बाद किसानों ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया और कहा कि अगर हमारी मांगे पूरी नहीं होती है तो आगे हम बड़ा आंदोलन करेंगे।



### चुनाव बहिष्कार की भी तैयारी

ग्रामीणों ने प्रशासनिक अधिकारियों को चेतावनी दिया है कि अगर उनकी मांग पर गंभीरता के साथ जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो वे लोग पंचायत चुनाव का बहिष्कार करते मोहला तहसील ऑफिस में फिर से धावा बोलते अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे।

### लिया गया संज्ञान

तहसीलदार मोहला दिनेश साहू ने हरिभूमि को बताया कि इस मामले में पूर्व में ही न्यायालय तहसीलदार मोहला में 25 नवंबर को मामला दर्ज किया जा चुका है। जल्द ही मामले को निपटा दिया जाएगा।

### दाना-पानी लेकर पहुंचे ऑफिस

गांव की निस्तारी भूमि 10 एकड़ को कोटवार के कब्जे से छुड़वाने लगातार आवेदन देकर थक चुके गांव के महिला, पुरूष व ग्रामीण आज अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के लिए दिन-रात रूकने के हिसाब से राशन, पानी, दरी, गरम कपड़ा लेकर तहसील ऑफिस में दाखिल हुए और घंटों प्रदर्शन किया।

# शार्ट-सर्किट के कारण लगी थी आग, छह ट्रांसफार्मर जले, पांच लाख का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के कैलाश नगर स्थित सीएसईबी दफ्तर के यार्ड में रखे ट्रांसफार्मर में लगी आग को लेकर कारण सामने आ गया है। विभाग के मुताबिक आग शार्ट-सर्किट की वजह से लगी थी। इस हादसे में विभाग को करीबन पांच लाख का नुकसान हुआ है। यार्ड में रखे आधा दर्जन पुराने ट्रांसफार्मर इस हादसे में जलकर खाक हो गए हैं।

कैलाश नगर स्थित सीएसईबी के दफ्तर में शाम पांच बजे के करीब यार्ड में रखें ट्रांसफार्मर में आग लग गई थी। कुछ मिनटों में ही आग फैलने लगी। जिसके चलते आसपास भी अफरा-तफरी मच गई थी। डर के कारण लोग अपना घर छोड़कर भी भाग निकले थे। हालत यह थी कि आग की चपेट में घर के आने से बचने के लिए लोगों ने अपने घरों का सिलेंडर भी बाहर निकाल दिया था। हालांकि दो घंटे के भीतर ही फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पा लिया गया था।



*रविवार के कारण देर से पता चला : मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि रविवार होने के कारण आग लगने की जानकारी देर से पता चली। सामान्य दिनों में यार्ड के आसपास विभागीय कर्मचारी रहते हैं, लेकिन रविवार होने से वह इलाका पूरी तरह से खाली था। ऐसे में जब आग की लपटे बड़ी हुई, तब लोगों को हादसे की जानकारी हुई।*

### फोम से बुझाई गई आग

बताया गया यार्ड में ऑयल फैला हुआ था। यही कारण रहा कि उसे पानी से नहीं बुझाया गया, बल्कि फोम अग्निशमन की मदद से आग पर काबू पाया गया। ज्ञात हो कि फोम अग्निशमन प्रणालियों में फोम एक बुझाने वाला एजेंट है, जो ज्वलनशील या दहनशील तरल को ठंडा करके और सतह से प्रज्जवलन स्रोत को अलग करके बुझा सकता है। फोम आग और वाष्प दोनों को दबाता और बुझाता है।

# बारदाने की मांग, किसानों का सड़क पर संग्राम

**मोहला।** धान खरीदी केंद्र कौड़ीकसा में पर्याप्त बारदाना की मांग को लेकर आज सुबह 10 बजे से अन्नदाताओं ने सड़क पर शासन के खिलाफ लामबंद होते हुए संग्राम छेड़ दिया। अपने धान को बेचने सहकारी समिति में हो रहे अवस्था और बारदाना की कमी को लेकर क्षेत्र के सैकड़ों किसान राजनांदगांव-चंद्रपुर हाईवे में 2 घंटे तक चक्काजाम कर दिया। मुख्य मार्ग में चक्काजाम होने से आवागमन अवरुद्ध होते हुए मोहला और अंबागढ़ चौकी की ओर गाड़ियों की लंबी कतार लग गई।

उल्लेखनीय है कि धान खरीदी की शुरूआत से ही धान उपार्जन केंद्र कौड़ीकसा में किसानों को अपनी सालभर की कमाई समर्थन मूल्य में धान बेचने मुश्किलों के साथ पसीना बहाने के साथ-साथ अतिरिक्त आर्थिक भोझ उठाना पड़ रहा है। धान बेचने के लिए लगातार तकलीफ झेल रहे कौड़ीकसा क्षेत्र के किसानों का आज सब्र टूट गया और एक राय होते हुए किसानों ने धान उपार्जन केंद्र के सामने हाईवे जाम कर दिया। चक्काजाम की खबर पर प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद होकर किसानों को मनाने में लगे रहे। 2 घंटे के तनातनी के बाद समिति प्रबंधक के लिखित आश्वासन के बाद किसानों ने चक्काजाम आंदोलन को समाप्त किया।



### व्यापारी बेच रहे हैं मनमाने दर पर बोरा

समर्थन मूल्य पर अपनी फसल बेच रहे मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के किसानों को तकलीफों के दौर से गुजरना पड़ रहा है। सरकार के 50-50 के आंकड़ों में किसान उलझ गए हैं। इधर व्यापारी इस समय का पूरा फायदा उठा रहे हैं और मनमाने दर पर बारदाना किसानों को बेची जा रही है। जिसके लिए प्रशासनिक तौर पर किसी तरह का अंकुश नहीं लगाया जा रहा है।

### मिलर्स से नहीं मिल पा रहा है पुराना बारदाना

राईस मिलर्स और सरकार के बीच चल रहे तनातनी के बीच मिलिंग बंद कर दिए। जिसके कारण पुराना बारदाना धान उपार्जन केंद्र को प्राप्त नहीं हो रहा है। जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। बताया गया कि राजनांदगांव सहित प्रदेश के अन्य जिलों में राईस मिल संचालक पुराना बारदाना वापस कर रहे हैं, परंतु मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में इसकी शुरूआत नहीं हो पाई है।

## शाला स्तर पर ही होगा मूल्यांकन, 21 दिसंबर की डेडलाइन तय

# एक साथ होगी सरकारी स्कूलों में पहली से आठवीं कक्षा की छैमाही परीक्षा, शाला स्तर पर मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला शिक्षा विभाग ने छैमाही परीक्षा को लेकर सभी सरकारी स्कूलों को एक आदेश जारी किया है। जिसके अनुसार जिले की सभी सरकारी स्कूलों में पहली से आठवीं कक्षा की परीक्षा एक साथ आयोजित की जाएगी। परीक्षा के बाद 21 दिसंबर तक शाला स्तर पर ही मूल्यांकन कार्य समाप्त करने के भी निर्देश दिए गए हैं। हालांकि परीक्षा दिवस के दिन भी शाला अपने निर्धारित समय के लिए संचालित की जाएगी।

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पहली एवं दूसरी कक्षा की तीन विषय अंग्रेजी, गणित एवं हिंदी की परीक्षा होगी। तीसरी से पांचवी कक्षा की गणित, हिन्दी, अंग्रेजी एवं पर्यावरण चार विषय की परीक्षा ली जाएगी। छठवीं से



आठवीं के बच्चों की संस्कृत, विज्ञान, अंग्रेजी, हिन्दी, गणित एवं सामान्य विज्ञान को मिलाकर कुल छह विषय की परीक्षा आयोजित होगी। परीक्षा का आयोजन 13 दिसंबर से शुरू होकर 20 दिसंबर तक चलेगा।

### मिलेगा दो घंटे का समय

शिक्षा विभाग ने परीक्षा की समय अवधि भी तय कर दी है। जिसके अनुसार प्राथमिक शाला की परीक्षा दो घंटे की होगी, जो सुबह 11 से 01 बजे तक संचालित की जाएगी। वहीं पूर्व माध्यमिक शाला की परीक्षा 11 से 1.30 बजे तक ढाई घंटे चलेगी। वहीं शनिवार को परीक्षा सुबह 8 से 10.30 बजे के बीच आयोजित की जाएगी।

### कराएंगे परीक्षा की तैयारी

भले ही 13 से 20 दिसंबर के मध्य छैमाही परीक्षा का आयोजन किया जा रहा हो, लेकिन इस दौरान भी स्कूल अपने निर्धारित अवधि के लिए ही संचालित होगी। विभाग के आदेश अनुसार परीक्षा के बाद विद्यार्थियों को अगले दिन की परीक्षा के लिए तैयारी कराई जाएगी। वहीं 21 दिसंबर तक मूल्यांकन कार्य भी पूरा करने को कहा गया है।


संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
कैंसर चिकित्सा विभाग
उपलब्ध सुविधाएं
- ब्लड कैंसर • ब्रेस्ट कैंसर
- कोलोन कैंसर, • लीवर कैंसर
- फेफड़ों के कैंसर, • अमाशय के कैंसर
- प्रोस्टेट कैंसर, • बड़ी आंत और छोटी
- आंत का कैंसर • मुंह व गले के कैंसर का इलाज

साथ ही सभी तरह के कैंसर की जांच
ऑपरेशन और कीमो थैरेपी की सुविधा
आयुष्मान से कैंसर की आपरेशन की सुविधा उपलब्ध
➡ हाईटेक आईसीयू एवं सीसीयू ➡ अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ
➡ हाई टेक ट्रॉमा सेंटर एक्सीडेंटल केस के लिए ➡ 24 घंटे आपातकालीन सुविधा
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### कबड्डी के लिए भानबती चयनित



**कलकसा।** राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता आगामी 10 से 12 दिसम्बर तक अमरावती में होने वाली है। इस स्पर्धा के लिए पूर्व माध्यमिक शाला मुंगलानी की छात्रा भानबती चंद्रवंशी का चयन हुआ है। वह छत्तीसगढ़ की टीम का प्रतिनिधित्व करेगी। कोहलाकसा निवासी भानबती गांव में ही कबड्डी का अभ्यास करती है। उन्हें कोच मनोज साहू द्वारा प्रशिक्षित किया जाता है। ग्राम की सेवती यादव का पिछले साल नेशनल स्पर्धा के लिए चयन हुआ था। उसके चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला कबड्डी संघ के सचिव तुलसी मंडावी, जनक कुंजाम, भूपेंद्र यादव, किशोरी साहू, एमएल देवांगन, रामदयाल जोशी, घनश्याम साहू, ऐनुराम अम्बादे ने बधाई दी है।

### पदोन्नत शिक्षकों का सम्मान



**मुरमुंदा।** प्रेरणा कंवर फाउंडेशन के तत्वावधान में गत दिनों पदोन्नत प्रधान पाठक मिलन सह सम्मान समारोह आयोजित किया। मुख्य अतिथि कंवर महासभा के अध्यक्ष बिन्दुलाल चन्द्रवंशी, विशिष्ट अतिथि महेशराम कंवर, भगतसिंह कंवर थे। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। फाउंडेशन ने अतिथियों को सम्मानित किया। फाउंडेशन के सचिव भुवनेश्वर कंवर आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। प्रमोधदास सिरदार ने सदस्यो का परिचय प्रस्तुत किया। अतिथियों ने उद्बोधन में फाउंडेशन द्वारा शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना किया। अतिथियों ने पदोन्नत प्रधान पाठकों को बुके, मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में निलाम्बर चन्द्रवंशी, रवि चन्द्रवंशी, लालाराम चन्द्रवंशी, धनुषराम कंवर, रघुनंदन चन्द्रवंशी, शिव कंवर, अश्वनी चन्द्रवंशी, दुर्गा चन्द्रवंशी, मिथलेश चन्द्रवंशी, गंगा कंवर, प्रकाश कंवर, राजकुमार चन्द्रवंशी, विश्राम कंवर, महेंद्र कंवर, भागवत चन्द्रवंशी, टाकेश्वरी चन्द्रवंशी, पुष्पेन्द्र चन्द्रवंशी, विद्या कंवर आदि शामिल थे। इस मौके पर संजीव चन्द्रवंशी, भुवनेश्वर कंवर, खिलेश गंगासागर, ढालसिंग कंवर, रवि चन्द्रवंशी, लालाराम चन्द्रवंशी, धनुषराम कंवर, महेंद्र कंवर, शिव कंवर, कमलेश कंवर आदि उपस्थित थे। संचालन रवि चन्द्रवंशी और अंत में आभार प्रदर्शन अध्यक्ष संजीव चन्द्रवंशी ने किया।

### कांग्रेस का दिवाली मिलन व कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

# सक्रिय व्यक्ति को दें नेतृत्व का मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव




त्रिस्तरीय पंचायत और निकाय चुनाव की घोषणा होने के पहले ही कांग्रेस ने कार्यकर्ताओं को एक्टिव करने की कवायद शुरू कर दी है। इसी कड़ी में शनिवार को सोनेसरार स्थित त्रिवेणी संगम और रविवार को सूखा नाला बैराज में दिवाली मिलन और कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया।

उक्त आयोजन में विधायक दलेश्वर साहू ने कहा कि कार्यकर्ता ठान ले तो अपने बीच के व्यक्ति को सरपंच, जनपद सदस्य और जिला पंचायत सदस्य बनाने से उन्हे कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी कार्यालय में होने वाले कार्यों के लिए अपने बीच के व्यक्ति की जरूरत पड़ती है इसलिए सभी को अपने बीच के सक्रिय व्यक्ति को आगे बढ़ाना चाहिए।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने दीपावली मिलन एवं कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया था जिसमें जोन प्रभारी, सेक्टर प्रभारी, बूथ प्रभारी सहित प्रमुख कांग्रेस पदाधिकारी शामिल हुए। विधायक दलेश्वर साहू ने कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद करते हुए आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर उनकी नब्ज टटोलते हुए सर्वमान्य और सक्रिय व्यक्ति को जनप्रतिनिधि बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने चुनाव के लिए सक्रिय होने का आव्हान किया। त्रिवेणी संगम सम्मेलन में जनपद उपाध्यक्ष सुयश नाहटा और सूखानाला बैराज में जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू ने आभार व्यक्त किया।

#### जनप्रतिनिधि हुए शामिल

सम्मेलन में कांग्रेस अध्यक्ष चेतन साहू, पूर्व अध्यक्ष मोहन अय्यर, बलीराम साहू, मदन साहू, गणेश साहू, मुरली निषाद, कमल नारायण वैष्णव, संतोष ठाकुर, बिसंभर साहू, लोकेश सिन्हा, ऐश्वर्य जंघेल, लीलम गोस्वामी, वारेन साहू, लोकेश निषाद, टाकेश साहू, जनपद सदस्य मोहनीश साहू, दिबिका साहू, मोनिका साहू, नरबद चंद्रवंशी, रेवाराम साहू, प्रेम सिन्हा, भूषण देवांगन, शिव निषाद, कुमान सिंह, रोहित सोनकर, आत्माराम सोनी, सुंदर साहू, रोशन साहू, मयंक यदु, प्रमोद साहू, बंटी सोनटेके, किशोर बनाफर, पुरुषोत्तम साहू, हेमनारायण साहू, डामन साहू, अमर साहू, मोहन मंडल, केशव निषाद, भरत साहू, इंद्रकुमार, चेतन मानिकपुरी, बंशी वर्मा, टेकचंद वर्मा, प्रेम पटेल, गणेश सिन्हा, चुम्मन साहू सहित अन्य मौजूद थे।

## यज्ञ स्थल का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आगामी 12 से 15 दिसंबर तक नगर में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं श्रीमद् पावन प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया गया है।

इस आयोजन के लिए प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का भूमिपूजन गत दिनों किया गया। मुख्य यजमान के रूप में नगर के प्रतिष्ठित संतोष खंडेलवाल, पवन गुप्ता एवं उपजोन सह समन्वयक जयप्रकाश सिन्हा सपत्नीक थे।

इस दौरान गायत्री परिवार के जिला प्रमुख चतुरराम देवांगन, गायत्री शक्तिपीठ के प्रमुख प्रबंध ट्रस्टी मुकुंदराम निषाद, तिलक यादव, प्रेमलाल साहू, लोकनाथ साहू, बचनेश त्रिपाठी, बीएल देवांगन, शीला सोनी, अहिल्या साहू सहित अन्य बड़ी संख्या में परिजन उपस्थित थे।

### गंदगी और बदबू से लोग परेशान

**डोंगरगढ़।** दंतेश्वरी पारा के चौराहा में सफाई की अनदेखी के चलते कचरा और गंदगी का ढेर लग गया है। गंदगी और बदबू के कारण आसपास के रहवासियों और यहां से गुजरने वाले लोगों को परेशानी होने लगी है। गंदगी के कारण अब बीमारी फैलने का डर सताने लगा है। वार्ड के राजू कटकवार सहित अन्य ने सफाई कराने की मांग पालिका से किया है।

## रविदास समाज को भवन की सौगात




- नए पदाधिकारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

रविदास समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ एवं सम्मान समारोह गत दिनों आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश, जिला एवं स्थानीय सामाजिक लोग शामिल हुए। मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे थे। अध्यक्षता रविदास समाज के जिला अध्यक्ष रामसिंग खरे ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, हरविंदर सिंग मंगे थे। अतिथियों ने पदाधिकारियों एवं सामाजिकजनों से समरसता और एकता के साथ काम करने की शपथ दिलाया। इससे पूर्व अतिथियों ने रविदास मंदिर में पूजा अर्चाना किया। सांसद पांडे ने समाज को मजबूत करने के शिक्षा, रोजगार के कार्य में सहयोग करने का आव्हान किया। उन्होंने 15 साल से लंबित सड़क नाली निर्माण की मांग को 40 लाख की लागत से कराने और सामाजिक भवन के लिए जमीन और 7 लाख देन की घोषणा किया। इस दौरान प्रकाश बिंदल, परविंदर सिंग मोंटी, संतु राव, मोहन बघेल, मधुसुधन हठेले, आकाश कुमार, चमन समुन्द्रे, प्रकाश चंद्रवंशी, प्रकाश यादव, छोटेलाल, श्यामसुंदर, आकाश कन्नौजे, देवारूराम, शत्रुघनकुमार, रघ्घु, राजेश कंडरा, त्रिलोक मालेकर, लव मालेकर, दुर्गेश मालेकर, तारेश टंडेर, कुश मालेकर, गंगा हठिले, पारेश सहित अन्य मौजूद थे।

# तूल पकड़ रहा मुआवजा और नौकरी का मामला

### पूर्व विधायक ले रहे रेल लाइन से प्रभावित किसानों की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल उन किसानों की बैठक ले रहे हैं जिनकी जमीन डोंगरगढ़ से कटघोरा रेलवे लाइन के लिए अधिग्रहित होना है। एक सप्ताह पूर्व श्री बघेल ने कोलंद्रा में बैठक लिया था।

रविवार को सिवनीकला में किसानों की बैठक लिया। बैठक में आसपास गांव के किसान भी शामिल हुए। बैठक में डोंगरगढ़-कटघोरा रेल लाइन निर्माण के दायरे में आने वाली जमीन के अधिग्रहण बाद उपजने वाली स्थिति पर विचार किया गया है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस शासनकाल में यह निर्माण ठंडे बस्ते में चला गया था। प्रदेश और केंद्र में भाजपा सरकार काबिज होने के बाद यह यह मुद्दा फिर सामने आया है। इस रेल लाइन के निर्माण के लिए प्रदेश सरकार विशेष रूप से प्रयासरत है।

जानकारी के अनुसार पूर्व विधायक श्री बघेल जमीन का चार गुना अधिक दाम, प्रभावित परिवार के एक सदस्य को नौकरी आदि मांग को लेकर बैठक ले रहे हैं।

#### दस साल पुराना मामला

जानकारी के अनुसार 2014 में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने प्रयास से रेल लाईन को स्वीकृति मिली थी। दो साल बाद 2016-17 में किसानों की जमीन का सर्वे करा कर मुआवजा राशि निर्धारित किया गया। अब किसान नए सिरे से सर्वे कराने की मांग कर रहे हैं। किसानों की यह भी मांग है कि मुआवजा की राशि का एक मुस्त भुगतान किया जाए। बैठक में कोलेंद्रा, रीवागहन, ठाकुरटोला, कातलवाही, छपारा, सिवनीकला, बिजनापुर के किसान शामिल हो रहे हैं।

# बकायेदारों से 12 लाख वसूल, 74 की लाइन कटी

### बिजली कंपनी की कार्रवाई से बकायेदारों में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

बिजली देयक का भुगतान करने में लापरवाही करने वालों के खिलाफ विद्युत वितरण कंपनी द्वारा सघन वसूली अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत विद्युत कंपनी का अमला बकायादारों के घरों में दस्तक देकर बकाया राशि वसूल कर रहा है। मांग के बाद देयक का भुगतान नहीं करने वालों का विद्युत कनेक्शन विच्छेद किया जा रहा है। कंपनी सरकारी विभागों को बकाया राशि के भुगतान के लिए 10 दिन का और समय दिया है।

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड डोंगरगांव संभाग के कार्यपालन अभियंता पीसी साहू ने बताया कि 26 से 30 नवंबर तक संभाग अंतर्गत आने वाले वितरण केन्द्रों के कनिष्ठ अभिंयताओं ने अभियान चलाते हुए 74 उपभोक्ताओं जिन पर 7.57 लाख बकाया था का कनेक्शन काटा। इसी कड़ी में 322 उपभोक्ताओं से 12.65 लाख वसूल किया।

#### सरकारी विभागों पर 8 करोड़ बकाया

जानकारी के अनुसार विभिन्न सरकारी विभागों पर बिजली का करीब 8 करोड़ बकाया है। बकायादार विभागों को हाल ही नोटिस जारी एक पखवाड़े में भुगतान करने कहा गया था। जानकारी के अनुसार बकायादार विभागों को अब बकाया भुगतान के लिए 10 दिन का अतिरिक्त समय दिया गया है। इस अवधि में भुगतान नहीं करने पर कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई हो सकती है।



#### समय पर करें भुगतान

श्री साहू ने बताया कि विभाग द्वारा निर्धारित समय पर उपभोक्ताओं को बिल मुहैया कराया जाता है। बिल मिलने के बाद भुगतान नहीं करने पर लाईन काटने की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने लाईन विच्छेदन की कार्रवाई से बचने के लिए बिजली बिलों का समय पर भुगतान करने का आव्हान किया है।

## साहित्यकारों ने दी अंकुर को बधाई



**डोंगरगढ़।** सांकेत साहित्य परिषद सुरगी के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू की कृति पुरखा के सुरता का विमोचन गत दिनों मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया। कृति के प्रकाशन और विमोचन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए साहित्य प्रवाह समिति के अध्यक्ष तजिंदर सिंह भाटिया, नवीन सोनी, बलबीरसिंह भाटिया, लक्ष्मण मंडल, राजकुमारी जैन, अमृतदास साहू, गुणवंत भिवगढ़े, शैल शर्मा, मदन मंडावी, राजेन्द्र साहू, लेखराम वर्मा, संजय तिवारी, गुलशन बालाघाटी, दीपक गाजीपुरी, सबा खान, नीलिमा ढोमने, मुकेश हाड़गे, निर्मला सिन्हा, वीणा मिश्रा, बेदराम पटेल, भुखन वर्मा ने उन्हे बधाई दी है।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

### डोंगरगांव और अर्जुनी कॉलेज में जागरुकता कार्यक्रम

# एड्स से बचने के लिए रहें संयमित







हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

स्थानीय बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ बीएन मेश्राम के मार्गदर्शन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सहयोग से सोमवार को विश्व एड्स दिवस के मौके पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।सर्वप्रथम रासेयो स्वयंसेवकों, एनसीसी कैडेट्स एवं विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकाला जो मुख्य मार्ग पर एड्स जागरूकता संबंधी नारे लगाते हुए वापस महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में पहुंचे।

यहां जनकल्याण संस्था राजनांदगांव की राखी साहू, आशा राजपूत, पूर्णिमा तारम ने एचआईवी पॉजिटिव तथा एड्स के कारण, बचाव आदि की जानकारी दी। रेडक्रॉस इकाई ने चित्रकला एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया।

प्राणी शास्त्र के विद्यार्थियों ने एड्स पर पावर प्वाइंट प्रस्तुत किया। प्राचार्य ने एड्स से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने एवं जागरूक रहने का आव्हान किया। प्राध्यापकों, विद्यार्थियों को एचआईवी एड्स की जागरूकता संबंधी प्रतिज्ञा दिलाई गई। इस दौरान रासेयो प्रभारी बालिका प्रियांकी गजभिए,रेणुका ठाकुर, एनसीसी प्रभारी गणेश नेताम, रेडक्रॉस प्रभारी मनुलाल नायक, आशा वर्मा, नूतन साहू, जॉनसन प्रसाद चौधरी, चिम्मन वर्मा के अलावा विद्यार्थी उपस्थित थे। पूरे आयोजन में स्वयंसेवक सत्यम वैष्णव, मुकेश साहू, देवनारायण माली, कनिष्का पटेल, रेशमा रामटेके, सुषमा चंद्रवंशी ने सक्रिय सहयोग दिया।

#### सावधानी से ही बचाव

**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में सोमवार को प्राचार्य डां. अंजना ठाकुर के मार्गदर्शन में विश्व एड्स दिवस मनाया गया। इस मौके पर छात्र छात्राओं को एड्स फैलने के कारण और बचाव की जानकारी देकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डां. गोविंद नामदेव थे। उन्होंने बताया कि संयमित जीवन गुजारने से एड्स जैसी लाइलाज बीमारी से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि यह रोग संक्रमित व्यक्ति के खून के ट्रांसप्लेंट या यौन संबंध में फैलता है। अगर सभी सावधानी रखे तो इससे आसानी से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि सावधानी ही इसका सबसे कारगर उपचार है। इस मौके पर प्राध्यापक डां. एनके लहरे, सौम्या देवांगन, काव्या जैन,चांदनी पराते, शुभि जैन, सरोजनी वर्मा, राजूसिंह राजपूत, लीना साहू, हनी ठक्कर, हिमानी साहू, मंदनी कुर्रे सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र छात्राएं मौजूद थे। संचालन ओमप्रकाश सहारे ने किया।

### सिर्रभाठा में न्योता भोज का आयोजन



**जेवरतला रोड।** प्राथमिक शाला सिर्रभांठा में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लीलाधर साहू ने अपने पुत्र दिव्यांश साहू के जन्मदिवस के मौके पर न्योता भोज का आयोजन किया। प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों को समोसा, जलेबी और मिठाई खिलाया गया।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
HCC IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
9659 455 455
130+ CENTRES PAN INDIA
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## शादी का प्रलोभन देकर भगा ले गया, आरोपी गिरफ्तार

**छुईखदान।** एक नाबालिग को शादी करने का प्रलोभन देकर अपने साथ भगा ले जाने के मामले की जांच करते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। थाना छुईखदान के अपराध धारा 137(2) बीएनएस के प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए विवेचना के दौरान सायबर सेल केसीजी की मदद से कॉल डिटेल एवं सीडीआर प्राप्त कर 2 दिसंबर को प्रकरण के नाबालिग पीड़िता को चंदनीडीह थाना टाटीबंध जिला रायपुर से आरोपी महेन्द्र देवांगन 25 साल के कब्जे से बरामद किया गया। आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा का सबूत पाए जाने से मामले में धारा 87, 64 बीएनएस, 06 पॉक्सो एक्ट जोड़कर आरोपी महेन्द्र देवांगन को गिरफ्तार किया।

## नाबालिग से छेड़छाड़ आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** एक नाबालिग से छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। घुमका थाना क्षेत्र अंतर्गत एक नाबालिग को छेड़छाड़ करने एवं परेशान करने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी गुलशन वर्मा को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

### बफर लिमिट 12102 क्विंटल की और अब तक खरीदी 33180 क्विंटल

# मुसरा सोसायटी में बफर लिमिट से अधिक धान, खरीदी आज से बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुसरा

डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत मुसरा में धान सोसायटी को 3 दिसंबर से बंद कर दिया है, समिति प्रबंधक गणेश राम वर्मा ने बताया की बफर लिमिट 12102 की है जिसमें 33180 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है, किन्तु धान का उठाव अभी तक नहीं किया गया है। टीओ और डीओ भी नहीं काटा गया है ऐसे में हमारे पास धान के रखरखाव की कोई व्यवस्था नहीं है।

समिति द्वारा बफर लिमिट से तीन गुना अधिक अधिक धान खरीद लिया है जिसकी देखरेख करना बहुत कठिन है। ऐसे में धान खरीदी को बंद करना ही एक रास्ता बचा है इसलिए उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर हमने तीन तारीख से खरीदी बंद करने का निर्णय लिया है।



**धान का उठाव नहीं, मौसम में बदलाव**

मौसम के अचानक परिवर्तन से धान सोसाइटी वाले की चिंता बढ़ गई है। विकासखंड के सभी सोसाइटी में लबालब धान है ऐसे में मौसम के अचानक परिवर्तन से रखरखाव की चिंता बढ़ गई है। प्रशासन को गंभीरता से ध्यान देते हुए धान के परिवहन में तेजी लानी होगी, नहीं तो मौसम के बिगड़ने से हजारों कट्टा धान ख़राब हो जाएगा। क्योंकि ज्यादातर सोसायटीयों में धान खुले आसमान के नीचे ही है, जिसकी चिंता समिति प्रबंधकों को है।

## दिग्विजय कॉलेज में काव्यपाठ व जनउला कार्यक्रम आयोजित



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस पर शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ी कविता और जनउला प्रतियोगिता आयोजित कर विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। प्राचार्य डॉ. किरण लता दामले की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर मुनि राय सहित हिंदी विभाग के सहयोगी प्राध्यापक डॉ. प्रवीण कुमार साहू, डॉ. नीलम तिवारी, डॉ. गायत्री साहू, कौशिक बिशी सहित मनोवैज्ञानिक डॉ. श्रुति खरे, शोधार्थी बिन्दु डनसेना और विद्यार्थियों ने राजभाषा छत्तीसगढ़ी के बारे में अपने विचार प्रकट किए। साथ ही छत्तीसगढ़ी कविता का स्वयं पाठ भी किए।

डॉ. नीलम तिवारी ने एक अंग्रेजी बाल कविता का छत्तीसगढ़ी में अनुवाद कर सुनाया। हिंदी विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ी माता और सरस्वती की पूजा और राजगीत के गायन से किया गया। डॉ. शंकर मुनि राय ने कहा कि छत्तीसगढ़ी भाषा का सम्मान अपनी महतारी की तरह करना हम सभी का कर्तव्य है। इसके लिए मर्यादित बोली-बानी में लिखना-पढ़ना और कार्यालयीन काम करने की आदत बनाना जरूरी है। इस अवसर पर आयोजित काव्यपाठ प्रतियोगिता के विजेता मनीष टांडेकर, प्रशांत, विनय वासनिक, हरेंद्र और प्रीति गेंड्रे को प्राचार्य द्वारा प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन हिंदी साहित्य परिषद के उपाध्यक्ष मनीष टांडेकर और जनउला प्रतियोगिता का संयोजन शोधार्थी बिन्दु डनसेना ने किया। आभार प्रदर्शन कौशिक बिशी ने किया।

# जोगी नगर बस्ती में अवैध रूप से निवासरत परिवारों को दी समझाइश



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

देश के आवासहीन व बेघर जरूरतमंद परिवारों को आवास उपलब्ध कराने एवं उनके जनजीवन को संवारने शासन द्वारा प्रधानमंत्री योजना का क्रियान्वयन विगत 9 वर्षों से किया जा रहा है। आवासहीनों के लिए एकमात्र योजना जिसके माध्यम से परिवार अपनी मूलभूत आवश्यकताओं को शासन के सहयोग से पूरा करता है। उद्देश्य की पूर्ति के लिए नगर निगम का प्रधानमंत्री आवास कार्यालय योजना का लाभ निगम सीमा क्षेत्र के पात्र हितग्राहियों को दिलाने कटिबद्ध है। जिसके तहत अस्थाई रूप से चिन्हांकित झुग्गी बस्तियों में निवासरत परिवारों को मोर मकान मोर चिन्हारी (एएचपी) योजना में व्यवस्थापन के तहत आवास उपलब्ध कराने तथा योजना का एक अन्य घटक मोर जमीन मोर मकान (बीएलसी) जिसके तहत स्वयं की जमीन पर पक्का आवास निर्माण करने हेतु शासन की ओर से स्तरबद्ध निर्माण अनुसार राशि हितग्राहियों के बैंक खाते में सीधे राशि जमा कराई जाती है, ताकि उन्हें स्वयं का पक्का आवास मिल सके।

योजना के मोर मकान मोर चिन्हारी के तहत डबरीपारा, मोती तालाब, बजरंग नगर, शंकरपुर तालाब, इंदिरा सरोवर, पुराना गंज चौक, रेलवे ओवरब्रिज के नीचे आदि स्थानों पर अवैध रूप से अस्थाई तौर पर निवासरत 381 परिवारों को लखोली, मोहारा, रेवाडीह में निर्मित सर्वसुविधा युक्त बहुमंजिला आवासों में मात्र 75 हजार के आसान किस्तों में आवास की सुविधा प्रदान की गई। इसी कड़ी में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर शुक्रवार को वार्ड क्र. 39 गौरवपथ स्थित शासकीय नर्सिंग हास्टल के पीछे जोगी नगर में निवासरत परिवार जो नाले के किनारे सिंचाई की जमीन पर बसे है, नाले के किनारे बस्ती होने के कारण इन्हें स्थाई पट्टे शासन से प्राप्त नहीं होने से यह अस्थाई तौर पर 50 से 60 परिवार आवास निर्माण कर झुग्गी बस्ती के रूप में पिछले 30 से 40 वर्षों से यहां निवास कर रहे हैं। इन्हीं कच्चे झोपड़ीनुमा छोटे असुविधाजनक घरों में निवासरत परिवारों से आज प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान मोर चिन्हारी एचपी के तहत व्यवस्थापन अंतर्गत इनको सुंदर स्वच्छ वातावरण में सर्व सुविधायुक्त अच्छे आवास प्रदान करने आवास योजना के नोडल अधिकारी व कार्यपालन अभियंता ईमरान खान के नेतृत्व में आवास योजना की टीम इन परिवारों के बीच में जाकर योजना के संबंध में उन्हें जानकारी दी गई एवं अच्छे घर में अच्छे वातावरण में स्वयं के आवास का सपना सकार करने समझाईस दी गई।

### नहीं दिया जाएगा पट्टा

निवासरत परिवारों को टीम द्वारा बताया गया कि नाले के किनारे अवैध रूप से निवास करने पर पट्टा नहीं दिया जाएगा और किसी न किसी दिन यहां से खाली करा दिया जाएगा। उसके पूर्व आप निगम द्वारा निर्मित सर्वसुविधायुक्त बहुमंजिला आवासों में रहकर कच्चे सुविधाहीन अस्थाई आवास को छोड़ अपने स्वयं के आवास का सपना सकार करें। टीम ने समझाईस दी कि शहर के विभिन्न स्थानों में इसी प्रकार निवास करने वाले परिवार निगम द्वारा निर्मित आवासों में जाकर सर्वसुविधायुक्त आवास में निवासरत है। आप सभी शासन की आवास योजना का लाभ लेकर स्वयं के आवास में निवास करें। आवास योजना की टीम के सहायक दल प्रभारी गरिमा वर्मा, वार्ड प्रभारी अभियंता आयुषी सिंह, प्रधानमंत्री आवास योजना के सिविल एक्सपर्ट अंकुर मिश्रा, सोशल एक्सपर्ट ललित मानकर सहित निगम का अमला उपस्थित था।

## पार्रीखुर्द स्कूल में मनाया गया संविधान दिवस

**राजनांदगांव।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पार्रीखुर्द संकुल भर्रेगांव में संविधान दिवस मनाया गया। प्राथमिक व माध्यमिक शाला के बच्चों व शिक्षकों ने एक साथ संविधान की प्रस्तावना का विधिवत वाचन किया। संविधान दिवस को विशेष रूप से मनाते बच्चों ने संविधान निर्माण व देश की आजादी में अमूल्य योगदान देने वाले महान विभूतियों जैसे बाबा साहेब अम्बेडकर, गांधीजी, चाचा नेहरू, रानी लक्ष्मीबाई, रानी दुर्गावती, सावित्री फुले व चिकित्सक की वेशभूषा धारण कर उनके संवाद प्रस्तुत किए। साथ ही बच्चों ने संविधान दिवस पर विशेष सुंदर रंगोली व चित्रों का भी प्रदर्शन किया। शाला के प्रधान पाठक शिव कुमार सेवता, शिक्षिका विभा सिंहमारे व पुष्पलता देवांगन द्वारा संविधान दिवस संबंधी विशेष जानकारियां दी गई।



# लंबित अपराधों का अभियान चलाकर करें निराकरण

- क्राईम मीटिंग में एसपी ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल द्वारा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी एवं थाना प्रभारियों की क्राईम मीटिंग ली गई। इस दौरान लंबित अपराधों पर अभियान चलाकर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही महिला एवं बाल अपराधों का समय-सीमा में निराकरण के संबंध में हिदायत दी गई।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में 26 नवंबर को पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल द्वारा वर्तमान समय में हो रही घटनाओं को दृष्टिगत रखते नितेश कुमार गौतम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खैरागढ़-गंडई लालचंद मोहले एवं थाना प्रभारियों की संयुक्त मीटिंग लिया गया।



### शराब-गांजा तस्करों पर करें कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक बसंल ने शराब माफियाओं एवं गांजा तस्करों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिससे आम जनता परेशान न हो। वहीं सड़क दुर्घटना में नियंत्रण हेतु चौक-चौराहों पर बेहतर पुलिसिंग कर अनियंत्रित गाड़ियों पर नियंत्रण करने एवं यातायात नियमों का पालन किया जा सके। इसके बारे में विशेष समझाईस दी गई। उपरोक्त मीटिंग में जिले के समस्त थाना, चौकी प्रभारी एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय शाखाओं के प्रभारी अधिकारी उपस्थित थे।

### साइबर क्राइम के प्रति करें जागरूक

मीटिंग के दौरान अपराध नियंत्रण के संबंध में समस्त थाना प्रभारियों को नवीन कानून को ध्यान में रखते थानों में लंबित अपराधो एवं शिकायतों को शीघ्र निकाल करने कहा गया। साथ ही रोड एक्सीडेंट मामले में आई रेड पोर्टल एवं वीडियोग्राफी करने हेतु विशेष हिदायत दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने सायबर संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु थाना क्षेत्रांतर्गत आने वाले ग्रामों एवं कस्बो में समर्थ अभियान के तहत अधिक से अधिक सायबर जागरूकता, नवीन कानून के बारे में लोगों को जागरूक करें। इसके अतिरिक्त सायबर संबंधी अपराधों के बारे में लगातार ठगे जा रहे आम जनता की समस्याओं का निराकरण करें। थानों में पंजीबद्ध अपराधों, शिकायतों, मर्ग को अधिक से अधिक निकाल करें। लंबित चालानों को माननीय न्यायालय में अविलंब पेश करें। समर्थ अभियान के तहत आम जनता को यातायात नियमों एवं सायबर संबंधी जानकारी प्रदान करें। अपराध नियंत्रण हेतु पूर्व में गिरफ्तार व्यक्तियों के फिंगर प्रिंट एवं संदिग्ध व्यक्तियों की तस्दीक करने हेतु सख्त हिदायत दिया गया।

# भाजपा का प्राथमिक सदस्यता अभियान पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा संगठन चुनाव को लेकर पार्टी कार्यालय में 02 दिसंबर को जिला चुनाव अधिकारी संजय श्रीवास्तव की उपस्थिति में महत्वपूर्ण कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यशाला को संबोधित करते श्री श्रीवास्तव ने कहा कि प्राथमिक सदस्यता के लक्ष्य को पार्टी ने देश व प्रदेश में पूरा कर लिया है। प्रदेश में 60 लाख नए प्राथमिक सदस्य बनाए गए हैं। वहीं देश में लगभग 12 करोड़ नए प्राथमिक सदस्य बन चुके हैं। जिन राज्यों में चुनाव था, मसलन जम्मू कश्मीर, महाराष्ट्र, झारखंड सहित दो अन्य बड़े राज्यों में सदस्यता की प्रक्रिया चुनाव निपटने के बाद अब प्रारंभ होगी। इसी के साथ प्राथमिक सदस्यता का कार्य पूरा कर लिया गया है अब संगठन चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। संगठन चुनाव में अब पहले चरण में बूथ स्तरीय चुनाव पूरे हो रहे हैं। आने वाले दो-तीन दिनों में इसे भी पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद मंडल चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होगी, जिसे 15 दिसंबर तक पूरा होना है, फिर 30 दिसंबर तक जिले के चुनाव भी संपन्न करा लिए जाएंगे।

इस दौरान गीता घासी साहू, अशोक चौधरी, मूलचंद लोधी, सुरेन्दर सिंह बन्नोआना, विनोद खांडेकर, किशुन यदु, आलोक श्रोती, कैलाश शर्मा, शिव वर्मा, प्रतीक्षा भंडारी, लीलाधर साहू, रोहित चंद्राकर, अतुल रायजादा, तरूण लहरवानी, रामकुमार गुप्ता, अजय पटेल, सौरभ कोठारी, बोधन साहू, जागेश्वर साहू, आकाश चोपड़ा, गिन्नी चावला, आलोक बिंदल, रवि सिन्हा, मुकेश बघेल, अशोकादित्य श्रीवास्तव, रघुवीर वाधवा, गोलू सूर्यवंशी, मनोज साहू, हर्ष रामटेके, जागेश्वर साहू, परदेशी सोनबोईर, किरण साहू, प्रतीक्षा भंडारी, किरण वैष्णव, शालू वर्मा, सुधा पवार, विरेन्द्र जैन, संदीप भट्टाचार्य, अरूण शुक्ला सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।




### अभियान की दी जानकारी

भाजपा मीडिया सेल के अनुसार कार्यशाला में मंडल व जिला चुनाव की प्रक्रिया को जिला चुनाव अधिकारी ने बारीकी से पदाधिकारियों को समझाया व चुनाव प्रक्रिया आम सहमति से पूरी करने को कहा। कार्यशाला के प्रारंभ में दीप प्रज्ज्वलित किया और अतिथियों का स्वागत हुआ। जिला भाजपा महामंत्री राजेन्द्र गोलछा ने स्वागत भाषण किया। सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल ने सक्रिय सदस्यता अभियान की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव और आभार प्रदर्शन जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने किया।

### छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण

**राजनांदगांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सुरगी में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित कृषि के छात्रों ने कृषि विज्ञान केंद्र राजनांदगांव में औद्योगिक भ्रमण किया। कृषि से संबंधित जानकारी देने का कार्य कृषि विज्ञान केंद्र के समन्वयक कृषि वैज्ञानिक डॉ. गुंजन झा, कृषि वैज्ञानिक डॉ. योगेंद्र श्रीवास, डॉ. अंजली घृतलहरे, डॉ. अतुल डांगे, डॉ. जितेंद्र मेश्राम, डॉ. मनीष सिंह एवं फार्म प्रबंधक डॉ. आशीष शुक्ला के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। व्यावसायिक कृषि के छात्रों को भ्रमण के माध्यम से नर्सरी प्रबंधन, खरपतवार नियंत्रण, सूक्ष्म सिंचाई, कृषि यंत्रों की पहचान व उपयोग, मौसम पूर्वानुमान के यंत्र एवं उपयोग, ग्रेडर मशीन की जानकारी, विभिन्न फसलों जैसे धान, चना एवं गेहूं की उन्नत खेती और अन्य कृषिगत तकनीकी जानकारी प्रदान किया गया। शैक्षणिक भ्रमण का कार्य प्राचार्य एनके साहू की अनुमति से व्यावसायिक प्रशिक्षक पंकज चंदेल, छत्रपाल देशमुख, व्याख्याता गीतांजलि साहू, नीरा ठाकुर, वीरेंद्र टेम्भुरकर, सुशील नारायण शर्मा एवं शाला के अन्य व्याख्यातागणों के मार्गदर्शन में संपन्न कराया गया।

### कथा सुनने श्रद्धालुओं की भीड़

# भागवत कथा ही देव स्वरूप भागवत कथा का वाचन जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



संसार मेंश्रीमद भागवत कथा से उत्तम मार्ग प्राप्त होता है। कथा का वाचन श्री वृन्दावन धाम में हो तो उसका फल हजार गुणा बढ़ जाता है। संत महात्माओ को वह नही मिला जो वृन्दावन के सामान्य सेवकों को श्रीकृष्ण की कृपा से आसानी से मिल जाता है। यह बातें श्री वृंदावन धाम में भागवत परिवार रायपुर के तत्वावधान में आयोजित श्री मद भागवत कथा में प्रवचनकर्ता आचार्य गोपेश शरण देवाचार्य ने कही। उन्होंने कथा की महिमा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आजकल लोग वृन्दावन घूमने जाने लगे हैं। यह लोग दर्शन के लिए नही जाते। बिहारी जी उन्हे घुमाते हैं, पर मिलते नहीं जबकि भगवान ने कहा है कि मैं ही पंचम वेद भागवत स्वरूप हूं। भागवत कथा में राजपुरोहित पं विपिन तिवारी, मुख्य यजमान राकेश मिश्रा आदि कार्य का निष्पादन कर रहे है। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि वृन्दावन और भागवत नित नूतन है। प्राण, भक्ति, भाव, प्रेम और रस है, जिससे ही जीवन की मुक्ति है। भागवत कथा में पं. संजीव दुबे- श्रद्धा दुबे, शरद- मधुलिका श्रीवास्तव, संजय- पार्तिका महोबिया सहित श्रवण कर पुण्य प्राप्त कर रहे हैं।

## अंतर जिला क्रिकेट में नांदगांव की जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता (अंडर-19) में खेले गए 3 दिवसीय मैच में जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव ने जिला जांजगीर-चांपा एसोसिएशन को 10 विकेट से हराकर बोनस अंक प्राप्त किए।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते राजनांदगांव की टीम ने 80 ओवर में अपने समस्त विकेट खोकर 295 बनाए। राजनांदगांव की तरफ से कप्तान बालाजी राव ने 45 एवं उपेंद्र मरकाम ने मात्र 147 गेंद में 142 तेज रन बनाए। अनुकरण कुठारे एवं कृष्णम दुबे ने 25 एवं 22 रन बनाएं। वहीं श्लोक चचाने ने भी महत्वपूर्ण 20 रन बनाएं।

बल्लेबाजी करने उतरी जांजगीर-चांपा जिले की टीम मात्र 77 रन पर ही आलआउट हो गई। राजनांदगांव की तरफ से अर्शवीर भाटिया ने 10 ओवर में मात्र 30 रन देकर 6 विकेट लिए। वहीं कुणाल साहू एवं कृष्णम दुबे ने 2-2 विकेट लिए।

फालोआन का सामना करते जांजगीर-चांपा की टीम ने दूसरी पारी में कुछ अच्छी बल्लेबाजी की। उन्होंने अपने समस्त विकेट खोकर 240 रन बनाएं। राजनांदगांव की तरफ से अर्शवीर भाटिया ने 3 एवं संयम सूर्यवंशी ने 3 विकेट लिए। जीतने के लिए जरूरी 26 रन राजनांदगांव ने 05 ओवर में ही बिना कुछ विकेट खोए बना लिए। 10 विकेट से जीतने के कारण इस मैच में राजनांदगांव को एक बोनस पॉइंट सहित कुल 7 अंक प्राप्त हुए। राजनांदगांव का अगला मुकाबला सोमवार से धमतरी के मैदान में जिला धमतरी के साथ तीन दिवसीय खेला जा रहा है। उक्त जानकारी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के प्रवक्ता लक्ष्मण लोहिया ने दी है।

# थान खम्हरिया ने जीता क्रिकेट का फायनल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

- सद्भावना कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

मार्निंग क्रिकेट क्लब गंडई ने खुशरो स्टेडियम में सदभावना कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया। स्पर्धा का फाइनल मैच 2 दिसंबर को खेला गया। फाइनल मैच देखने बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मौजूद थे। चार 4 टीमो के बीच मैच खेला गया जिसमें थान खम्हरिया टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया।

द्वितीय स्थान पर कोदवा, तृतीय स्थान पर भी कोदवा की टीम रही। चौथा स्थान श्यामपुर की टीम ने हासिल किया। फाइनल मैच में खूब उतार चढ़ाव देखने मिला। मैच के बाद विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया। समापन कार्यक्रम में लाल टारकेश्वर शाह खुशरो, पार्षद भिगेश यादव, दिलीप आगरे, लियाकत अली, ठंडार सरपंच ता बांके वर्मा, राज कुमार गोसाई, अनिल जैन उपस्थित थे। इस मौके पर अतिथियों ने आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आयोजक टीम के विक्कीराम धुर्वे, धीरू गोसाई, सोम ठाकुर, आशिफ खान, योगेंद्र ताम्रकर, सोयब खान, बल्ली भाई, सोनाली यादव, साई सुदर्शन, राजेश वैष्णव, चंद्रकांत सेन, राहुल मानिकपुरी, मुकेश भास्कर, तुकेश राजपूत, आकाश निषाद,आरिफ खान, एकेश साहू, प्रिंकेश कश्यप, भुवन रजक, मोनेश यादव सहित अन्य की प्रशंसा किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल में हार जीत होते रहती है इसलिस पराजय से कभी निराश नहीं होना चाहिए और भविष्य में जीत के लिए प्रयास करना चाहिए। आयोजकों ने अंत में सहयोगियों को मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया।



## सार समाचार

### परिक्षेत्र स्तरीय एथलेटिक्स स्पर्धा आयोजित



**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव द्वारा 28 नवंबर को प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल के मार्गदर्शन में राजनांदगांव परिक्षेत्र स्तरीय एथलेटिक्स पुरुष एवं महिला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति अध्यक्ष रवि सिन्हा व अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल ने की। विशेष अतिथि पूर्व पार्षद नमिताभ जैन, आलोक बिंदल, विजय राय, तरुण साहू शामिल थे। इस अवसर पर प्राचार्य ने सहभागियों को बधाई देते खेल को खेल भावना से खेलने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि रवि सिन्हा ने कहा कि सभी खिलाड़ी अपने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करें। खेल में हार-जीत होते रहता है। हारने वाले निराश न हों, अच्छी मेहनत कर अगली बार सफलता प्राप्त करें। एथलेटिक्स प्रतियोगिता में चार जिले राजनांदगांव, कबीरधाम, खैरागढ़ व मानपुर-मोहला-चौकी के 22 महाविद्यालय के 250 छात्राओं ने अपनी उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। उद्घाटन समारोह में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने वासुदेव गीत व राउत नाचा नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पुरूष व महिला वर्ग की भागीदारी रही। 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 5000 मीटर, 10000 मीटर व लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, भाला फेंक, चक्र फेंक शामिल किए गए। पारस मारडे कवर्धा पुरूष वर्ग में 100 एवं 200 मीटर दौड़ जीतकर सबसे तेज धाविका का खिताब जीता। महिला वर्ग में निशा अंबागढ़ चौकी ने सबसे तेज धाविका का खिताब जीता।

### प्रतियोगिता में गायत्री विद्यापीठ अव्वल

**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ ने विकासखंड स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में अव्वल स्थान प्राप्त किया। उक्त प्रतियोगिता विगत 29 नवंबर को स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र शा.उ.मा. शाला राजनांदगांव में आयोजित किया गया था, जहां विभिन्न प्रतियोगिता के बीच कड़े मुकाबले में गायत्री विद्यापीठ ने अपनी शानदार प्रस्तुति से अव्वल स्थान प्राप्त किया। जिसमें शाला के संगीत शिक्षक प्रशांत सिन्हा, दिनेश साहू, नृत्य शिक्षिका भारती यादव के दिशा-निर्देशन में शाला के विद्यार्थियों ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी। ज्ञात हो कि शाला की नृत्य शिक्षिका भारती यादव एवं संगीत शिक्षक प्रशांत कुशवाहा, दिनेश साहू के मार्गदर्शन में गायत्री विद्यापीठ के विद्यार्थी अनेक विधाओं में कई प्रतियोगिताएं जीत चुके हैं। जिनकी कार्यप्रणाली काबिले तारीफ है। इस प्रतियोगिता में एकल गायन में प्रथम कक्षा 12वीं से पलक सोनी, एकल नृत्य में प्रथम राशि कांकरिया कक्षा 12वीं, एकल भजन में अभिषेक शर्मा कक्षा 11वीं प्रथम रहे। इस अवसर पर बृजकिशोर सुरजन, संध्यादेवी सिंघल, राजेश जैन, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, शैलजा नायर, रश्मि ठाकुर, अनिल वाजपेयी, तरणजीत सिंह टूटेजा एवं शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी।



### विश्व एडस दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम

**राजनांदगांव।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें माननीय अपर सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव द्वारा लोगों को जागरूक किया गया। विश्व एड्स दिवस पर 1 दिसंबर को पुलिस चौकी तुमडीबोड जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम पंचायत तुमडीबोड के सभागार में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अपर सत्र न्यायाधीश अविनाश तिवारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव हेमंत कुमार रात्रे एवं पुलिस चौकी तुमडीबोड द्वारा एड्स जैसे गंभीर बीमारी के बचाव एवं ईलाज से संबंधित जानकारी, सायबर अपराध संबंधी जागरूकता, डिजिटल अरेस्ट संबंधित अपराध, नशामुक्ति, महिला संबंधी अपराधों एवं घरेलू उत्पीड़न में विधिक सहायता, दुर्घटना की रोकथाम एवं दुर्घटना के प्रकरणों में सहायता राशि एवं गंभीर अपराधों में पीड़ित पक्ष को दिए जाने वाले सहायता राशि सहित अन्य त्वरित समस्याओं के संबंध में जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया गया। उक्त कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, जनपद सदस्य भुनेश्वरी साहू, जागेश्वर यदु, पूर्व जनपद अध्यक्ष हुकुम चंद्रवंशी, तुमडीबोड सरपंच टीकम पटेल एवं आसपास गांव के सरपंच व ग्रामीणजन तथा चौकी प्रभारी कैलाश मरई सहित चौकी पुलिस स्टाप उपस्थित रहे।

## निधन

### कन्हैयालाल तिवारी



**राजनांदगांव।** सेवानिवृत्त शिक्षक कन्हैयालाल तिवारी 96 वर्ष का 2 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में संपन्न हुआ, जहां लोगों ने श्रद्धांजलि दी। वे अरविंद तिवारी, आभा तिवारी, अनुपमा तिवारी, अर्चना पांडेय व अचला शर्मा के पिता थे। स्वर्गीय तिवारी मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष, बर्फानी आश्रम सेवा समिति राजनांदगांव के व्यवस्थापक व देवानंद जैन स्कूल के व्याख्याता के रूप में सेवाएं दे चुके हैं।

### त्रिवेणी तिवारी



**राजनांदगांव।** डोंगरगढ़ निवासी 80 वर्षीय श्रीमती त्रिवेणी तिवारी का रविवार रात्रि निधन हो गया। वे तपस्वी मंदिर के पूर्व पुजारी स्वर्गीय पं. कुशल नारायण तिवारी की धर्मपत्नी थी। सोमवार सुबह उनकी मोक्ष यात्रा निज निवास से छीरपानी स्थित मुक्तिधाम के लिए निकली। उनके सुपुत्र विजयानन्द तिवारी ने मुखाग्नि दी। उनकी अंतिम यात्रा में उपस्थितजनों ने परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और दो मिनट का मौन रख उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रीमती तिवारी अपने पीछे दो पुत्रों का भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं। वे पत्रकार विक्रम बाजपेयी की नानी थी।

### श्रीमती राजकुवर पटेल



**मोहला।** ग्राम कौड़ीकसा निवासी श्रीमती राजकुवर पटेल पति स्वर्गीय चुरामन पटेल 72 साल का रविवार रात को अचानक निधन हो गया। उनका सुपुत्र नरेश पटेल ग्राम कौड़ीकसा के ग्राम पटेल हैं। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार को छोड़कर स्वर्गवासी हो गई है।

### ओमप्रकाश खंडेलवाल



**मोहला।** अंबागढ़ चौकी निवासी व नगर के प्रतिष्ठित दवा व्यापारी ओमप्रकाश खंडेलवाल पिता स्व. प्रभुनारायण खंडेलवाल का आज तड़के आकस्मिक निधन हो गया है। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। वे अंबागढ़ चौकी के वरिष्ठ मेडिकल व्यवसायी आशीष खंडेलवाल, आकाश खंडेलवाल के ज्येष्ठ भ्राता थे। वेंकटेश एजेंसीज, प्रकाश मेडिकोज प्रभुनारायण मेडिकल स्टोर अंबागढ़ चौकी के संचालक थे।

### मां बम्लेश्वरी और चंद्रगिरी ट्रस्ट ने गड़करी को लिखा पत्र

# समृद्धि एक्सप्रेस-वे का विस्तार छग तक करने की उठी मांग


हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति और श्री दिगम्बर जैन चंद्रगिरी तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट डोंगरगढ़ द्वारा केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गड़करी को पत्र लिखकर समृद्धि एक्सप्रेस-वे का विस्तार डोंगरगढ़ होते हुए बिलासपुर तक करने की मांग की गई है।

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित समृद्धि एक्सप्रेस-वे नागपुर से गोंदिया बिरसी एयरपोर्ट तक निर्माण किया जाना है। इस एक्सप्रेस-वे को विस्तारित करते मां बम्लेश्वरी की नगरी डोंगरगढ़ से खैरागढ़, कवर्धा, मुंगेली और बिलासपुर तक करने की मांग की गई है, ताकि मां बम्लेश्वरी के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं सहित छत्तीसगढ़ के लोगों को इस मार्ग का लाभ मिल सके।

### विस्तार से कई गांव को मिलेगा लाभ

मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा नागपुर से गोंदिया प्रस्तावित समृद्धि एक्सप्रेस-वे को आमगांव, सालेकसा, दर्रेकसा, डोंगरगढ़, खैरागढ़, बेमेतरा, मुंगेली होते हुए बिलासपुर से जोड़ने की मांग की गई है, ताकि इस रास्ते में सुगम यातायात के साथ ही कई गांव को इससे जोड़ा जा सके।



### रखी है मांग



मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट द्वारा केंद्रीय मंत्री नीतिन गडकरी को पत्र लिखकर समृद्धि एक्सप्रेस वे से छग को जोड़ने की मांग की गई है। इससे न केवल डोंगरगढ़ को, बल्कि पूरे राज्य में विकास में तेजी आएगी।

- **मनोज अग्रवाल,** अध्यक्ष, मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति

### पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

डोंगरगढ़ से महाराष्ट्र के गोंदिया स्थित बिरसी एयरपोर्ट जो डोंगरगढ़ से 60 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। मांग के अनुरूप इस एक्सप्रेस-वे के बन जाने से यह दूरी लगभग 45 किलोमीटर होगी। वहीं इस रास्ते पर प्रसिद्ध पर्यटन स्थल हाजरा फाल, कचारगढ़ की गुफाएं भी है। जिससे सड़क का सीधे जुड़ाव होगा और इस क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

### तीन राज्य की जनता को मिलेगा लाभ

महाराष्ट्र के गोंदिया से होकर छत्तीसगढ़ के मुंगेली-बिलासपुर तक मध्यप्रदेश सीमा के समीप से इस एक्सप्रेस-वे के गुजरने से यहां महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश की जनता को लाभ मिलेगा। जिससे आवागमन आसान होगा।

### भारी वाहन के दबाव से मिलेगी राहत

इस सड़क निर्माण से मुम्बई, कोलकत्ता राष्ट्रीय राज्य मार्ग क्रमांक-46 पर नागपुर से बिलासपुर तक भारी वाहनों का दवाब रहता है। जिससे भी राहत मिलेगी और यात्रा सुगम होगा।

### धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण

डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर देशभर में विख्यात है। प्रतिवर्ष यहां लाखों की संख्या में मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। वहीं यहां जैन समुदाय का चंद्रगिरी तीर्थस्थल भी है और महान संत विद्यासागर जी महाराज की समाधि स्थल भी है। इस एक्सप्रेस-वे के विस्तार से इन धार्मिक स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं को सीधे इसका लाभ मिलेगा और उनकी यात्रा की दूरी भी कम होगी।

# यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों पर कार्रवाई शुरू



- बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को लेकर पुलिस सजग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले कुछ समय से जिले में सड़क हादसों के मामलों में लगातार इजाफा हो रहा है, जिसे देखते हुए पुलिस विभाग द्वारा एक बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में दुर्घटनाओं के कारणों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के मंथन में दुर्घटनाओं की वजह सामने आने पर अब कार्रवाई शुरू कर दी गई है। यातायात की अनदेखी से लगातार हो रहे सड़क हादसों को लेकर पुलिस सजग हो गई है और बेतरतीब वाहन चालकों सहित यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों पर कार्रवाई के लिए अभियान शुरू किया है। राजनांदगांव सीएसपी पुष्पेंद्र नायक ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को लेकर आयोजित की गई बैठक में दुर्घटना के मुख्य कारणों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। इसके बाद अब यातायात नियमों को लेकर समझाईश और कार्रवाई शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि यह अभियान सतत चलेगा।

### दुर्घटनाजन्य क्षेत्र होंगे चिन्हित

पुलिस द्वारा सड़क हादसों को कम करने के लिए जिलेभर के दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों और ब्लैक स्पॉट को चिन्हित किया जा रहा है। इसी के साथ दो पहिया वाहन पर तीन सवारी, रॉन्ग साइड चलने वाले, नशे में वाहन चलाने वाले और बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों पर भी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### नियमों की अनदेखी पर होगी कार्रवाई

यातायात नियमों की अनदेखी करते मालवाहक के डाले से बाहर सरिया भरने वाले, रॉन्ग साइड चलने वाले और ट्रैफिक सिग्नल की अनदेखी कर तेज रफ्तार वाहन चलाने वालों को शहर कोतवाली और यातायात पुलिस द्वारा रोककर समझाइश दी गई है।

# आईटीबीपी ने युवक-युवतियों को मुंबई भ्रमण के लिए किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

27वीं बटालियन भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) ने औंधी, डोमीकला और मानपुर क्षेत्र के गांवों के 40 युवाओं को आज एक शैक्षिक भ्रमण के लिए मुंबई के लिए रवाना किया। इस दल में 20 युवक और 20 युवतियां शामिल है। इस अवसर पर युवाओं के साथ एनवाईकेएस के प्रतिनिधि एवं बल के जवान उपस्थित थे।

आईटीबीपी के कमांडेंट विवेक कुमार पांडेय ने मानपुर से उक्त दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उक्त 16वें आदिवासी युवा विनिमय कार्यक्रम सह शैक्षिक एवं जागरूकता भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन आईटीबीपी के सहयोग से नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवाईकेएस) राजनांदगांव के तत्वावधान में किया जा रहा है। यह दल 7 दिनों का भ्रमण नागपुर से मुंबई की यात्रा पूर्ण कर एवं वाहन एक व्यापक कार्यक्रम में भागीदारी कर 9 दिसंबर को वापस मानपुर लौटेगा।

आईटीबीपी द्वारा छत्तीसगढ़ में तैनाती के बाद से हाई सिविक एक्शन कार्यक्रमों में जनभागीदारी के साथ की विशिष्ट कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है। पिछले साल बल ने 15वें आदिवासी युवा विनिमय कार्यक्रम हेतु 20 युवाओं को दिल्ली भ्रमण हेतु भेजा था। आगामी 4 दिसंबर को ऐसे हाई एक कार्यक्रम हेतु एक 40 सदस्यीय युवाओं के दल को हैदराबाद भेजे जाने की योजना है।



### जीवनशैली समझने का मिलेगा अवसर

मानपुर में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में कमांडेंट ने कहा कि इस विशिष्ट कार्यक्रम का उद्देश्य चयनित राज्यों और जिलों के आदिवासी युवाओं को विभिन्न स्थानों पर जाकर वहां के लोगों की सांस्कृतिक लोकाचार, भाषा और जीवन शैली को समझने का अवसर प्रदान करना है, जो हमारे राष्ट्रीय जीवन की विविधता में एकता को दर्शाता है। इसका उद्देश्य युवाओं को देश के विभिन्न हिस्सों में हुई तकनीकी और औद्योगिक प्रगति से अवगत कराना भी है। कार्यक्रम का लक्ष्य शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के अवसरों के बारे में जागरूकता पैदा करना है। आदिवासी युवाओं को उनकी समृद्ध पारंपरिक और सांस्कृतिक विरासत के बारे में जागरूक करना और उन्हें भावी पीढ़ी के लिए इसे संरक्षित करने में सक्षम बनाना, इन्हें देश के अन्य हिस्सों में अपने सहकर्मी समूहों के साथ भावनात्मक संबंध विकसित करने और उनके आत्मसम्मान को बढ़ाने में मदद करना भी इसका ध्येय है।

### 22 को छात्रवृत्ति परीक्षा-2024

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ निषाद केंवट समाज द्वारा तृतीय छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय निषाद केंवट समाज छात्रवृत्ति परीक्षा-2024 का आयोजन आगामी 22 दिसंबर को किया जा रहा है। महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष व जिला उपाध्यक्ष सुशीला निषाद ने बताया कि यह आयोजन छत्तीसगढ़ निषाद सहारा व्यवस्था परिवार द्वारा 22 दिसंबर को दोपहर 12 से 1.30 बजे तक होगी। पंजीयन की अंतिम तिथि 20 दिसंबर निर्धारित है। परीक्षा सेंटर नजदीक के निषाद समाज भवन में बनाया जाएगा। परीक्षा परिणाम 16 जनवरी को जारी किया जाएगा। परीक्षा का मुख्य उद्देश्य समाज के बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना है। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिला संगठन, परिक्षेत्र संगठन एवं दानदाताओं द्वारा आर्थिक सहयोग से छात्रवृत्ति प्रदान किया जाएगा। यह राशि दो लाख से अधिक होगी। इसमें 20 विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग सुविधा दी जाएगी।

# वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अजीज पब्लिक स्कूल इंदामारा में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन और समापन उत्साह के साथ किया गया। आयोजन में न केवल विद्यार्थियों ने, बल्कि उनके अभिभावकों और स्कूल के सहयोगी स्टाफ ने भी सक्रिय भागीदारी की।

कार्यक्रम के उद्घाटन के दिन मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास कुमार सिंह बघेल थे। उनके साथ जिला खेल अधिकारी देवेंद्र सिंह ठाकुर, दिग्विजय स्टेडियम प्रबंधक रणविजय प्रताप सिंह और स्कूल प्राचार्य सचिन पाल सिंह ठाकुर शामिल थे। स्कूल की निदेशक तनाज अजीज ने ध्वजारोहण और मशाल प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद जल, वायु, पृथ्वी और अग्नि हाउस के इंचार्ज शिक्षकों को उनके फ्लैग सौंपे गए और शानदार मार्चपास्ट के साथ खेल दिवस की शुरूआत हुई। खेल शिक्षक खोमेंद्र साहू, किशन दुबे और मेघा के मार्गदर्शन में दिनभर चले इस आयोजन में प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ खेलों में भाग लिया।

समापन दिवस पर मुख्य अतिथि स्कूल की निदेशक तनाज अजीज, विशिष्ट अतिथि मेंटर फरजाना दानिश, और प्राचार्य सचिन पाल सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। समारोह की शुरूआत पुरस्कार वितरण से हुई, जहां अतिथियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया। इस वर्ष की प्रतियोगिताओं में अग्नि हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी श्रेष्ठता साबित की। जल हाउस ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि वायु हाउस ने तीसरा स्थान हासिल किया। इसके बाद हाउस फ्लैग्स को हाउस इंचार्ज द्वारा स्कूल प्रबंधन को सौंपा गया, जो खेल दिवस की समापन प्रक्रिया का हिस्सा था।



# किसानों के धान का एक-एक दाना खरीदेगी सरकार

**राजनांदगांव।** सुरगी सोसायटी धान खरीदी केंद्र में लीलाधर साहू ने पदभार ग्रहण किया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना किया एवं अतिथियों का स्वागत किया। स्वागत भाषण समिति प्रबंधक जितेंद्र चन्द्राकार ने किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सचिन सिंह बघेल ने कहा कि साय सरकार किसानों की हितैषी है। किसानों के धान का एक-एक दाना सरकार लेगी और जिले में सुरगी सोसायटी को बेहतर सोसायटी माना जाता है। संतोष अग्रवाल ने कहा कि किसानों की सोसायटी है, हम सब को मिलकर काम करना है। कार्यक्रम को रमेश पटेल, कोमल सिंह राजपूत, आनंद साहू, रोहित चंद्राकर ने भी संबोधित किया और अतिथियों ने लीलाधर साहू को शुभकामनाएं दी। सुरगी सोसायटी के बिसेलाल साहू को शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि कृष्णा तिवारी, मनोज साह, लेखराम निर्मलकर, नारद साहू, सुकृत साहू, पुष्पा गायकवाड, खिलेश्वर साहू, छबि यदु, योगेश बंजारे, नील निर्मालकर उपस्थित थे। इस अवसर पर कैलेदी यादव, जितेंद्र साहू, नारायण दास ठाकुर, भूषण साहू, गुरुचरण सिन्हा, खिलेश्वर साहू, तेजप्रकाश सिन्हा, रैनसिंह साहू, चंद्रप्रकाश साहू, तोमन निषाद, नरोत्तम मंडल, शंकर दीपक, बोधा गहने, कमलेश साहू, परदेशी साहू, भुनेश्वर साहू, मेवा साहू, गेंदलाल चंद्राकर, कृष्णा, तीरथ, अर्जुन, खेमदास साहू, मिलनदास साहू, परख दास साहू, हुमन साहू, मानदास साहू, युवराज यादव, मानिक साहू, खेमुदास, जीवनलाल साहू, हेमंत साहू, महेश दिवाकर, मधुसुकृत साहू, रूखमणी साहू, लक्ष्मी साहू, अमरीका साहू, पसीका साहू, कोमिन साहू समेत अन्य लोग शामिल थे। मंच संचालन मनोज साहू और आभार लीलाधर साहू ने किया।

### प्रत्यक्ष चुनाव को नेताओं ने सराहा

# जनता की पसंद का होगा अब महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद नगरीय निकाय चुनाव को लेकर जनता द्वारा सीधे महापौर चुने जाने के कयास लगाए जा रहे थे। आज प्रदेश सरकार ने अपनी कैबिनेट बैठक में महापौर का प्रत्यक्ष चुनाव सीधे जनता द्वारा किए जाने का फैसला लिया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश की भाजपा सरकार ने जनता को अपना महापौर चुन्ने का अधिकार वापस लौटाया है, यानि अब नगर निगम के पार्षद नहीं, बल्कि नगर निगम क्षेत्र की जनता अपने महापौर के भाग्य का फैसला करेगी और अपने लिए एक योग्य और सही उम्मीदवार को महापौर

### कांग्रेस सरकार में हुआ था फैसला

प्रदेश में 15 साल के भाजपा शासन के बाद कांग्रेस की सरकार बनने पर महापौर के प्रत्यक्ष चुनाव को खत्म कर पार्षदों द्वारा महापौर चुने जाने का फैसला लिया गया था। इसके बाद पार्षदों ने मतदान कर महापौर को चुना था। वहीं अब भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने एक बार फिर इस फैसले को पलटकर महापौर का चुनाव जनता द्वारा करने का निर्णय लिया है।

### नहीं होगा पार्षदों का दबाव

जनता द्वारा सीधे महापौर, पालिका अध्यक्ष और पंचायत अध्यक्ष का चुनाव होने से जनप्रतिनिधि दबाव में नहीं होंगे। पार्षदों द्वारा चुने जाने से एक दबाव नजर आता है। वहीं अब सीधे जनता से निर्वाचित होने पर महापौर जनहित में बेहतर फैसले बिना दबाव के ले पाएंगे।

### बेलगाम न हो मेयर

जिला पंचायत अध्यक्ष, मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री सदस्यों द्वारा चुने जाते हैं। अंकुश होना जरूरी है। बेलगाम महापौर पर नहीं होना चाहिए।

**अजीत जैन,** पूर्व महापौर

### बौखला गई है सरकार

चुनाव को लेकर भाजपा बौखलाई हुई है। यही कारण है कि महापौर का प्रत्यक्ष चुनाव करा रही है। इससे विकास बाधित होगा।

**हेमा देशमुख,** महापौर

### सही व्यक्तियों को मिलेगा मौका

प्रत्यक्ष चुनाव होने से जिम्मेदारी का अहसास होता है। इसमें से सही व्यक्ति चुनकर आते हैं। यह अच्छा निर्णय है।

**नरेश डाकलिया,** पूर्व महापौर

### स्वागत योग्य निर्णय

यह स्वागत योग्य फैसला है। जनता को उनका अधिकार वापस मिला है। अब जनता अपना महापौर खुद चुनेगी।

**मधुसूदन यादव,** पूर्व महापौर

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।

CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
CUSTOMER CARE NO.:7377511511

हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 03 दिसम्बर 2024
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

जीत गयी जनता
जीत गया कवर्धा

3 दिसंबर को

भय और आतंक से
मुक्त हुआ था कवर्धा





कवर्धा
विजय दिवस

विनीत - कवर्धा सनातन विचार मंच

## खबर संक्षेप

### पिपरिया विकास संघर्ष समिति ने नपं पिपरिया विकास को लेकर अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि पिपरिया।** पिपरिया विकास संघर्ष समिति के सदस्यों द्वारा नगर पंचायत अध्यक्ष विक्की अग्रवाल को नगर पंचायत पिपरिया के नगरवासियों को होने वाली समस्याओं को अवगत कराया गया। जिसमें नवीन तहसील भवन की कमी, नगर के युवाओं के लिए खेल मैदान की है कमी, नगर के पोस्ट ऑफिस के लिए पर्याप्त जगह व अन्य सुविधा नहीं, नगर के युवाओं के लिए व्यायाम शाला है बंद, आईटीआई कॉलेज का निर्माण, सड़क निर्माण कार्य ठप पड़ा है। जिस पर छः सूत्रीय समस्याओं तथा नगर विकास को लेकर जनहित के लिए ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें नवीन तहसील भवन जल्द निर्माण करवाने, नगर के युवाओं के लिए खेल मैदान को व्यवस्थित करवाने, पिपरिया पोस्ट ऑफिस को उप डाकघर में उन्नयन करवाने, नगर के युवाओं के लिए व्यायाम शाला को पुनः प्रारंभ करवाने, आईटीआई कॉलेज का जल्द निर्माण करवाने, भारत माता चौक से लेकर छोटे बाजार तक बनने वाले बीटी रोड निर्माण कार्य और साथ ही अन्य सभी बचे हुए कार्य को चुनाव संबंधित आचार संहिता को लगने से पहले पूरा करवाने ज्ञापन सौंपा गया। जिस पर अध्यक्ष विक्की अग्रवाल ने पिपरिया विकास संघर्ष समिति के सभी मांगो को गंभीरता पूर्वक संज्ञान में लेते हुए इन छः सूत्रीय मांगों में से सिर्फ एक मांग व्यायाम शाला को पुनः प्रारंभ करवाना फिलहाल किन्ही कारणों से नहीं हो पाएगा, लेकिन बाकी बचे हुए पांच मांगो को जल्द से जल्द पूरा करवाने का आश्वासन पिपरिया विकास संघर्ष समिति के सदस्यों को दिया।

### महिला सुरक्षा में पंडरिया गैस एजेंसी का पकवान प्रतियोगिता आयोजित



**हरिभूमि पंडरिया।** पूर्व जिला निगरानी समिति सदस्य उज्जवला योजना व सांसद प्रतिनिधि कॉलेज तारा-संजय सोनी के मुख्य आतिथ्य में राज्य शासन के निर्देशानुसार पंडरिया गैस एजेंसी द्वारा महिला सुरक्षा हेतु स्वामी विवेकानंद शिशु मंदिर हाल में गैस कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे महिला गैस उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर से होने वाले लाभ-हानि तथा सुरक्षा की जानकारी बताते हुए स्वादिष्ट जलपान के रसास्वादन के साथ विशिष्ट पुरुस्कारो से सम्मानित किया गया। गैस पकवान प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरुस्कारो के साथ सभी समूहों को गिफ्ट से सम्मानित किया गया। इस गौरवपूर्ण, सुरक्षात्मक आयोजन में गैस एजेंसी पंडरिया से कुलदीप यादव, एजेंसी टीम तथा कुण्डा गैस एजेंसी से जितेंद्र चंद्राकर, सावित्री चौरसिया, स्कूल प्राचार्य मनेद्र शांडिल्य व प्रबुद्धजन तथा महिलाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### भगतपुर में कार्यरत लाइनमेन को दी गई विदाई



**हरिभूमि कोलेगांव।** पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत दामापुर कुण्डा बिजली विभाग दामापुर के अंतर्गत भगतपुर मुख्यालय में कार्यरत लाईनमेन दिनेश कुमार राठौर को स्थानांतरण होने पर दामापुर एवं कुण्डा के लाईन स्टाफ ने सम्मान पूर्वक विदाई दी गई। दिनेश राठौर एक व्यावहारिक एवं सिद्धांतवादी व्यक्ति थे, उन्होंने अपने मुख्यालय के उपभोक्ताओं से काफी लोकप्रियता प्राप्त की थी कभी भी कोई शिकायत का मौका नहीं दिया। श्री राठौर को पूर्व में लाईन मेंटेनेंस एवं राजस्व वसूली पर विभाग द्वारा उत्कृष्ट कार्य हेतु पुरस्कृत किया जा चुका है, विद्युत फाल्ट की स्थिति में देर रात तक विद्युत सुधार कार्य करते हुए उपभोक्ताओं तक विद्युत व्यवस्था के कार्य को सम्पादित किए। इस विदाई समारोह में उपस्थित कनिष्ठ अभियंता सत्यम मेरावी, रवि साहू, कन्हैया साहू, के विजय , दिलीप सूर्यवंशी, योगेश, मलखाम ठाकुर, भोजेंद्र, देवराज, दामन, खेमराज नेताम, हेमंत साहू, सुखदेव, धनी, सोमेश, रामकुमार, साहेब लाल, शालिक, जितेंद्र व ग्रामीण जन उपस्थित थें।

# राज्य स्तरीय सीनियर बेसबॉल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने सिल्वर मेडल प्राप्त की

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

दो दिवसीय 24 वीं राज्य स्तरीय सीनियर बेसबॉल पुरूष-महिला वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन 30 नवम्बर से 01 दिसंबर तक नगर के छीरपानी कॉलोनी मैदान में कवर्धा बेसबॉल संघ के तत्वाधान में आयोजित किया गया, जिसमे छत्तीसगढ़ से बिलासपुर, कोरबा, रायपुर, मुंगेली, बेमेतरा, दुर्ग, राजनांदगांव और कवर्धा से लगभग 200 पुरुष व महिला खिलाड़ी सम्मिलित हुए थे, इस प्रतियोगिता के उदघाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद संतोष पाण्डेय, नपाध्यक्ष मनहरण कौशिक, जनपद अध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी, एकेडमी के संस्थापक राजा पीयूष टाटिया, नपा सभापति उमंग पांडेय, रुपजीवन हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ अतुल जैन एवं अन्य अतिथियों का आगमन हुआ था जिनके द्वारा सभी जिले से पधारे हुए खिलाड़ियों का परिचय लिया सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया।

अकेडमी के प्रशिक्षक राजा जोशी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल आठ जिलों के टीम ने हिस्सा लिया था जिनका दो पुल बनाकर मैच कराया गया। जिसमें लीग के मैच में कवर्धा की पुरुष टीम ने कोरबा, मुंगेली व बेमेतरा को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किए जहां कवर्धा विरूद्ध दुर्ग के बीच पहला सेमीफाइनल मैच खेला गया जिसमे कवर्धा की टीम ने दुर्ग को 01-00 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया वही दूसरे पुल से बिलासपुर टीम ने रायपुर, दुर्ग को हराकर सेमी फाइनल में प्रवेश किया जहां बिलासपुर विरूद्ध मुंगेली के बीच दूसरा सेमीफाइनल मैच खेला गया, जिसमे बिलासपुर की टीम ने मुंगेली जिले को 09-03 के स्कोर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। जिसके पश्चात कवर्धा विरुद्ध बिलासपुर के बीच फाइनल मैच खेला गया जो बहुत ही रोमांचक भरा रहा पर बिलासपुर की टीम ने अपने अच्छे प्रदर्शन से कवर्धा को 05-02 के स्कोर से हराकर फाइनल विजेता रहीं वहीं कवर्धा की टीम को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ तथा तीसरे स्थान के लिए दुर्ग विरुद्ध मुंगेली के बीच मैच खेला गया, जिसमे दुर्ग की टीम ने मुंगेली को 02-01 के स्कोर से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। वही महिला वर्ग में पहला सेमी फाइनल मैच बिलासपुर विरुद्ध रायपुर के बीच हुआ जिसमे बिलासपुर की टीम ने रायपुर को हराकर फाइनल में प्रवेश किया तो दूसरा सेमी फाइनल मैच कवर्धा विरुद्ध कोरबा के बीच खेला गया, जिसमे कवर्धा की महिला टीम ने कोरबा को हराकर फाइनल में प्रवेश किया वही बिलासपुर विरुद्ध कवर्धा के बीच फाइनल मैच खेला गया। जिसमे बिलासपुर की महिला टीम ने कवर्धा को 02-00 से हराकर विजेता बनी और तीसरे स्थान के लिए कोरबा विरुद्ध रायपुर के बीच मुकाबला हुआ जिसमे कोरबा की टीम ने रायपुर को 03-01से हराकर कांस्य पदक जीता। इस आयोजन के समापन समारोह में जिला उपाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ के महासचिव सुश्री मिताली घोष, उपाध्यक्ष डॉ कैरोलिन सतूर छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी अध्यक्ष शहर मंडल, क्रीड़ा प्रभारी दिनेश साहू, एसएल महिले साथ ही जिले से आए कोच मैनेजर उपस्थित रहे और सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किए और सभी खिलाड़ियों की उज्जवल भविष्य की मनोकामना किए।



#### बेसबॉल और सॉफ्टबॉल के खिलाड़ियों की उपलब्धियां

वही छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ की महासचिव सुश्री मिताली घोष ने बताया कि कवर्धा बेसबॉल संघ के बहुत ही शानदार आयोजन किया गया इसके साथ ही इस प्रतियोगिता में जिन खिलाड़ियों का प्रदर्शन अच्छा रहा है उनका चयन राष्ट्रीय सीनियर बेसबॉल प्रतियोगिता के लिए होगा, जो 26 से 30 दिसंबर पंजाब के संगरूर जिले में आयोजित होगा साथ ही प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा के संस्थापक राजा पीयूष टाटिया ने कवर्धा के बेसबॉल और सॉफ्टबॉल के खिलाड़ियों के उपलब्धियों का बताया और किस तरह इस खेल से अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर चयनित हो के पदक लगाकर प्रदेश और जिले का नाम रोशन किया है साथ ही अपना भविष्य बना रहे है और आगे भी इसी तरह उपलब्धि प्राप्त करते रहे।

**अनदेखी : देखरेख के अभाव में मड़वा महल विरान**

# 13वीं शताब्दी का मड़वा महल सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के पुरातात्विक धरोहरों की सुरक्षा ताक पर है। सुरक्षा के अभाव में ऐतिहासिक धरोहरों से खिलवाड़ किया जा रहा है। शासन-प्रशासन और पुरातत्व संरक्षण विभाग को इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। छत्तीसगढ़ के खजुराहो भोरमदेव मंदिर के साथ तो पहले ही छेड़छाड़ हो चुका है। इसकी सुरक्षा के लिए पूरा शासन प्रशासन खड़ा है, लेकिन अन्य पुरातात्विक व ऐतिहासिक धरोहर हैं, इनकी सुरक्षा की नजर अंदाज किया जा रहा है। भोरमदेव मंदिर के समीपस्थ मड़वा महल जो कि 13वीं शताब्दी के इस मंदिर की सुरक्षा के लिए किसी प्रकार की व्यवस्था नहीं है। वहीं मड़वा महल विरान हो चुके इस मंदिर से लोग लगातार छेड़छाड़ कर रहे हैं, जबकि यह भोरमदेव मंदिर का ही एक हिस्सा है। मड़वा महल की सुरक्षा के लिए पुरातत्व व संस्कृति विभाग की ओर केयर टेकर की व्यवस्था होनी चाहिए। लेकिन इनकी कोई व्यवस्था नहीं है। साथ ही प्रशासन की ओर से पुलिस कर्मी या चौकीदार होना चाहिए, किंतु यह भी नहीं है।



#### मंदिर व प्रतिमाओं की सुंदरता को बिगाड़ रहे

इस दार्शनिक स्थल में पर्यटक के अलावा वीआईपी भी दूर-दूर से पहुंचते हैं। सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने के कारण स्तम्भ भीतर और बाहर में रखे हुए प्रतिमाओं से छेड़छाड़ होती रहती है। पत्थर व लकड़ियों से छूते और प्रतिमाओं को कूरेदते हैं। छेड़छाड़ के कारण प्लास्टर, पत्थरों इसमें निशान बनाते हैं, जो मंदिर और प्रतिमाओं की सुंदरता को बिगाड़ रहे हैं।

#### मड़वा मंदिर का इतिहास

इस मंदिरनुमा महल को फणी नागवंश के चौबीसवीं पीढ़ी में राजा रामचंद्र द्वारा 1349 ई वी में बनवाया गया था। यह जानकारी महंत घासीदास स्मारक संग्रहलय रायपुर में सुरक्षित 37 पंक्ति के एक शिलालेख से होती है जो मूलतः मड़वा महल की दीवार पर जड़े एक शिलापट पर उत्कीर्ण किया गया था। इस अभिलेख में फणी नागवंश की उत्पत्ति और वंशावली दी हुई है।

# सार्वजनिक जगहों पर धूम्रपान बदस्तूर जारी, नियम तारतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान पाबंदी के सख्त नियम तो है, लेकिन आश्चर्य की बात है कि शासन प्रशासन ही इसे भूल चुका है। तभी तो वर्षों बाद भी इस नियम-कानून का आज तक पालन नहीं पाया है। देश में बढ़ती केंसर व धूम्रपान से होने वाली बीमारियों को देखते हुए केन्द्र सरकार ने 2 अक्टूबर 2008 से सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान की पाबंदी लगाई थी। इसके लिए कई सख्त नियम भी बनाए गए ताकि इस नियम का कड़ाई से पालन कराया जा सके। लेकिन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के निर्देशों के बाद भी इस कानून का जिले में कही भी नहीं किया गया। नगर के साथ-साथ जिले में भी रोजाना हजारों लोग सार्वजनिक स्थानों पर धुएं के छल्ले उड़ा रहे हैं बावजूद जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा इस पर सख्ती नहीं दिखाई जा रही। जबकि बड़ों बुजुर्गों को देखकर कम उम्र के युवक भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। स्कूल के आसपास ही चाय दुकान, पान ठेले मौजूद हैं वहां से सिगरेट लेकर कोनों में फूंकते दिखाई देते हैं। इस कानून का पालन नहीं करने वालों पर सख्त कार्यवाही का भी प्रावधान है। इस धारा का उल्लंघन करने पर एक व्यक्ति से एक बार 200 रुपए हर्जाना वसूला जाना है। इसके बाद एक ही व्यक्ति को दोबारा पकड़ा जाता है तो हर्जाने की राशि बढ़ती चली जाएगी। हर्जाना वसूलकर चेतावनी के रूप में रसीद भी दी जाएगी। सार्वजनिक स्थान मतलब जहां पर लोगों की भीड़-भाड़ लगी रहती है, वहां पर धूम्रपान प्रतिबंधित है। जैसे हॉस्पिटल और स्वास्थ्य संस्थाएं, मनोरंजन केन्द्र, बस स्टैण्ड शामिल है।



## नई शिक्षा नीति एवं कैरियर मार्गदर्शन आयोजित



**हरिभूमि कोलेगांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंझेटा में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी बच्चों के मार्गदर्शन हेतु वक्ता को आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद शंकर नगर रायपुर के राज्य स्रोत व्यक्ति सुमित पाण्डेय का सानिध्य प्राप्त हुआ। सुमित पाण्डेय जो विगत 18 वर्षों से शिक्षकीय दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं, साथ ही विभिन्न शैक्षिक क्रियाकलाप में भागीदार होते हैं। ये एफएलएन, नवाजतन, बालवाड़ी, अंग्रेजी के राज्य स्तरीय कोर ग्रुप के सदस्य एवं राज्य स्रोत व्यक्ति हैं। बच्चों से नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, इक्कीस वां सदी की शिक्षा पद्धति एवं कैरियर मार्गदर्शन पर चर्चा की गई। इन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में विभिन्न बदलाव हुए हैं जिनमें प्रमुख रूप से विद्यालयीन शिक्षा में ढांचागत बदलाव हुआ है जो 10+2 को हटाकर 5+3+3+4 किया गया है। अब कक्षा छठवीं से व्यावसायिक शिक्षा एवं आधारभूत चरण में खेल-खेल व गतिविधि आधारित शिक्षा दी जाएगी। उच्च शिक्षा के तहत स्नातक अब 4 वर्ष का होगा, जिसमें प्रथम वर्ष प्रमाणपत्र, द्वितीय वर्ष डिप्लोमा, तृतीय वर्ष डिग्री एवं चतुर्थ वर्ष ऑनर्स डिग्री दी जाएगी। आगे उन्होंने इक्कीसवीं सदी की शिक्षा पर बात की। इक्कीसवीं सदी तकनीकी का युग है, यहां लगातार नए आविष्कार हो रहे हैं एवं दुनिया तेजी से परिवर्तित हो रही है। इस आधुनिक युग में अगर सफलता प्राप्त करनी है तो हमें स्वयं से अध्ययन कार्य करना होगा। अपने आपमें विश्वास करना होगा और हमेशा सकारात्मक विचार रखते हुए पढ़ाई करनी होगी। अपना सिलेबस पूरा करने के लिए दूसरों पर निर्भर होना छोड़ना होगा। उन्होंने बताया कि पीएससी और यूपीएससी में उच्च पद पर चयनित होने वालों में अधिकतर प्रतिभागी स्वयं पढ़कर सफलता हासिल करने वाले होते हैं। आगे कैरियर के विषय में चर्चा करते हुए उन्होंने बच्चों को सदैव मेहनत करने एवं गलत आदतों को छोड़ने पर जोर दिया। कैरियर निर्माण के लिए किस प्रकार रणनीति बनानी चाहिए, बोर्ड परीक्षा में उच्च अंक प्राप्त करने का तरीका एवं दैनिक कार्ययोजना पर गूढ़ मंत्र दिए। पत्थर की कहानी का उदाहरण देकर मानव जीवन की अमूल्यता को बच्चों से साझा किए तथा उन्हें इस अमूल्य जीवन को साकार करने एवं ऐसा कार्य करने प्रेरित किए जिससे बच्चों को स्वयं व उनके परिवार को गर्व महसूस हो। बच्चों ने पूरे समय तन्मयता से उन्हें सुना व आगे सकारात्मक कार्य व परिश्रम कर पढ़ाई करने का विश्वास दिलाया।

# शिक्षिका विधि तिवारी के शोध पत्र का एनसीईआरटी दिल्ली में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

विगत दिनों 28 व 29 नवंबर को भारतीय ज्ञान परंपरा के सातत्व को लेकर पूरे भारत से लगभग पचास शोध पत्र की प्रस्तुतीकरण एनसीआरटी दिल्ली में दी गई, जिसमे छत्तीसगढ़ से शिक्षिका विधि तिवारी का चयन हुआ है। शिक्षिका विधि तिवारी पहले भी कई राज्यों में अपनी प्रस्तुतीकरण दे चुकी है। बहुत सारे शोध पत्र प्रस्तुत किए जा चुके हैं, उसमें भारतीय ज्ञान परंपराओं को लेकर उन्होंने भारतीय संस्कृति को किस तरीके से ध्यान योग और मिडब्रेन एक्टिवेशन ट्रेनिंग और जीवन कौशल को लेकर प्रस्तुतीकरण दी गई एवं एनसीईआरटी दिल्ली के संचालक अतिरिक्त संचालक, जिला शिक्षा अधिकारी सभी को शिक्षिका विधि तिवारी द्वारा आभार व्यक्त किया। शिक्षिका द्वारा भारतीय ज्ञान परम्परा को किस तरह मिडब्रेन एक्टिवेशन ट्रेनिंग से जोड़कर और एनईपी-2020 को ध्यान रखते हुए शोध पत्र में संस्कृति, ध्यान, संगीत योग को जोड़कर अपनी प्रस्तुतीकरण दी गई एवं उनके द्वारा पाठ्यक्रम में लाने का प्रयास किया जा रहा हैं, ताकि उनके ट्रेनिंग का फायदा सभी बच्चों को मिल सकें।



**नुक्कड नाटक व गीत के माध्यम से ग्रामीणों को किया जागरूक**

# रासेयों ने चलाया जागरुकता व नशामुक्त भारत अभियान




हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरिया

विश्व एड्स दिवस 1 दिसंबर को श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय पिपरिया में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के दिशा निर्देश तथा मार्गदर्शन में इस विद्यालय के स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा एड्स बीमारी के संबंध में जन जागरूकता तथा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशे के खिलाफ जन जागरूकता रैली निकाली गई तथा जन जागरूकता किया गया। इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं तथा स्वयं सेवकों द्वारा वृहद रूप से सायकल रैली का आयोजन नगर पंचायत पिपरिया से ग्राम गांगपुर तक किया। इस जन जागरूकता रैली की शुरुआत शाला विकास प्रबंधन समिति अध्यक्ष चित्रबाहु देवांगन ने हरी झंडी दिखाकर पुष्प वर्षा और पूजन कर शुरुआत किया, नगर पंचायत पिपरिया से यह रैली जब ग्राम खाम्ही पहुंची तब रैली को ग्राम खाम्ही के लोगो ने भव्य स्वागत किया और जब इस रैली का पड़ाव गांगपुर पहुंचा तब कवर्धा जनपद सदस्य नीरज चंद्रवंशी ने स्वागत किया तथा ग्राम भ्रमण कर उन गांवों में नुक्कड़ नाटक और गीत के माध्यम से लोगो मे जागरूकता फैलाई गई, लोगो को समाज मे फैल रही बुराइयों तथा एड्स बीमारी और नशे से दूर रहने और अपने परिवार को इस जाल से मुक्त करने के प्रति प्रेरित किया गया, साथ ही 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस के रूप मे मनाया जाता हैं और इस रोग के फैलाव और रोकथाम के लिए जानकारी इस नुक्कड़ नाटक मे स्वयं सेवक भुनेश्वरी, संदीप, केदार, जोगेंद्र साहू, आकाश,चंदशेखर, महेश, जितेन्द्र और साथी द्वारा साथ ही प्रस्तुति देकर किया गया। साथ ही नृत्य की प्रस्तुति सोनम साहू, संगीता पटेल, भारती, किशन, शिवम, केदार, लक्ष्मी, पायल, चंचल व साथी द्वारा दिया गया। जन जागरूकता रैली में अपने हाथों से एड्स बीमार और नशे के विरुद्ध जन जागरूकता संबंधी नारों व स्लोगनों को लिखकर पोस्टर तैयार कर और उसे अपने हाथों में पकड़कर और पूरे जोरो-शोरो के साथ नारों व स्लोगनों को चिल्लाकर आम जनमानस में जागरूकता लाने का भरसक प्रयास किया गया, इन नारे व स्लोगनों में जीवन है अनमोल ये सबको बताएंगे नशा मुक्त अभियान को सब मिल कर सफल बनाएंगे, नशा ही नाश है, एड्स है जानलेवा बीमारी इसे मिटाना है हमारी जिम्मेदारी, हम सब का यही है सपना नशामुक्त हो देश अपना, जन जन को समझाना है नशामुक्त भारत बनाना है आदि इस रैली के छोटे बाजार नगर पंचायत पिपरिया के गांधी जी के प्रतिमा के पास पहुंचने पर कमलकान्त गुप्ता एवं नगर वासियों के द्वारा स्वागत किया गया और नशा से मुक्त समाज बनाने की शपथ दिलाई गई, उक्त जन जागरूकता रैली को आम नागरिकों ने खूब सराहा और इस जन जागरुकता रैली में रासेयों सेजस पिपरिया के 65 स्वयं सेवकों ने साइकल रैली मे भाग लिया राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक कामती सिंह परिहार व कार्यक्रम अधिकारी विनोद चंद्रवंशी के दिशा निर्देश मे यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्सों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▶ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▶ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# 5 साल में बिछी नागपुर से नांदगांव तक तीसरी लाइन, अब इस रूट पर ट्रेन नहीं होगी रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

रायपुर से नागपुर के बीच अब एक साथ तीन पटरी रेलवे बिछा दी गई है। इस रूट पर यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए बीते 5 सालों में सैकड़ों ट्रेनों को रद्द करना पड़ा है। लगातार ट्रेनों के रद्द होने से यात्रियों की नाराजगी होने से रेलवे लगातार ट्रेनों की संख्या बढ़ा रहा है। जिसमें यात्री ट्रेन और मालगाड़ी भी शामिल है।

ट्रेनों के विलंब होने के पीछे मुख्य कारण पटरियों के लाइन में कमी है, लेकिन अब तीसरी लाइन की सुविधा मिलने से एक साथ तीन पटरियों का इस्तेमाल होगा। रेलवे की योजना है कि दो पटरी पर यात्री ट्रेन का परिचालन होगा और एक मालगाड़ी को चलाने के लिए उपयोग किया जाएगा। इस तरह यात्री ट्रेन निर्धारित समय पर पहुंच पाएगी। इसके साथ कई ट्रेनों की रफ्तार भी बढ़ जाएगी। जानकारी के अनुसार रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव इसकी जांच भी करेंगे।

## रेलवे की योजना के तहत दो पटरी पर दौड़ेगी यात्रियों से भरी ट्रेन, एक ट्रैक पर मालगाड़ी को चलाने की प्लानिंग

### अफसर बताएंगे कार्यों की उपलब्धि

रेल मंत्री के दौरे को लेकर अधिकारियों की तैयारी अंतिम चरण पर है। ट्रेन में बैठे हुए रेल मंत्री पटरियों की जांच करेंगे। इस दौरान ट्रेन में ही अधिकारियों से बैठक भी करेंगे। जोन व मंडल के अधिकारी रेल कार्यों की उपल्बधि बताएंगे। जानकारी के मुताबिक जोन के अफसर रेल मंत्री से यात्री सुविधा के विस्तार पर भी चर्चा करेंगे। रायपुर में लगभग एक घंटे मंत्री समय बिताएंगे। ऐसे में अधिकारी स्टेशन में सभी कमियों को दूर कर रहे हैं, ताकि शिकायत का मौका ही न मिले।

### खास बातें

- ट्रेन पहुंचने का सुधरेगा समय
- योजना के तहत जल्द तीन पटरियों पर दिखेगी ट्रेनें
- यात्रियों को मिलेगी बेहतर सुविधाएं



### हजारों ट्रेन रद्द होने के बाद अब सफर आरामदायक

राजनांदगांव से रायपुर के बीच रेलवे ने तीसरी लाइन का काम पहले ही पूरा कर लिया था। 2017-18 से नागपुर तक तीसरी लाइन का काम रेलवे ने शुरू किया है। रेलवे की इस परियोजना के अंतर्गत राजनांदगांव से कलमना, नागपुर के मध्य 228 किमी तीसरी लाइन का निर्माण लगभग 3544 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से किया गया है। वर्तमान में यह परियोजना अपने अंतिम चरण पर है। इस परियोजना के अंतर्गत राजनांदगांव-कलमना स्टेशन के मध्य लगभग 200 किमी से अधिक तीसरी रेल लाइन का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। अब इस रूट पर यात्रियों का सफर आरामदायक होने वाला है। आउटर में बिना रूके यह ट्रेन अपने समय पर पहुंचेगी। हजारों ट्रेनों को रद्द करने के बाद यात्रियों को इस रूट पर ट्रेनों के रद्द होने से मुक्ति मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### विधानसभा अध्यक्ष आज जिले के प्रवास पर



**राजनांदगांव।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 3 दिसम्बर 2024 को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 3 दिसम्बर को सुबह 11 बजे विधानसभा अध्यक्ष निवास शंकर नगर रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 12.30 बजे राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम ठाकुरटोला स्थित सीआरसी पहुंचेंगे एवं दिव्यांगजनों को किट वितरण करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 2 बजे ग्राम पंचायत पारीखुर्द पहुंचेंगे और विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे। डॉ. रमन सिंह शाम 4 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे व समय आरक्षित रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष शाम 6 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से कार द्वारा रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### बाइक टकराई, एक की मौत, दो घायल




**राजनांदगांव।** बूचाटोला रोड में दो बाइक में जबर्दस्त भिडंत हो गई। इस घटना में एक बाइक सवार की मौत हो गई। वहीं दो घायल हैं, जिन्हे उपचार हेतु चिकित्सालय में भर्ती किया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक एक बाइक में सवार होकर आकाश मंडावी 22 वर्ष कनेरी एवं शेरूराम मंडावी रिश्ते के लिए लड़की देखने ठाकुरबांधा की ओर जाने निकले थे। वे दोपहर लगभग पौने बारह बजे छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बूचाटोला मार्ग में पहुंचे ही थे कि सामने से आ रही एक बाइक सवार से जोरदार टकरा गए। इस घटना में आकाश मंडावी की मौत हो गई। वहीं शेरूराम सहित एक अन्य घायल है, जिसे उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती किया गया है।

### नामदेव होंगे गैंदाटोला थाना प्रभारी

**राजनांदगांव।** जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने एक आदेश जारी कर गैंदाटोला के थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश कुमार पटेल का स्थानांतरण रक्षित केन्द्र में किया है। उनके स्थान पर अब निरीक्षक अरूण कुमार नामदेव को रक्षित केन्द्र से गैंदाटोला स्थानांतरित किया गया है।

### माय एंगल




## सीसीटीवी फुटेज से मिला सुराग, पूछताछ में कबूला जुर्म

# पानी भरने को लेकर विवाद महिला ने की वृद्धा की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नल से पानी भरने के लिए आए दिन विवाद होने से आक्रोशित महिला ने वृद्ध महिला की पत्थर मारकर हत्या कर दी थी। डोंगरगांव क्षेत्र में हुए इस घटना की सूचना पर जांच पड़ताल करते पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत नया बस स्टैंड स्थित सुलभ शौचालय के पास गत दिवस सुबह के समय एक वृद्ध महिला का शव देखा गया था। जिसके सिर पर गंभीर रूप से हमला किया गया था व चोंट के निशान थे। इस घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर रही थी। मृतिका की शिनाख्ति श्रीमती रूखमणीबाई साहू 70 वर्ष नया बस स्टैंड के पास काम्प्लेक्स के पीछे निवासी के रूप में की गई थी। पुलिस इस मामले की विवेचना कर रही थी।

### खास बातें

- पत्थर को भी पुलिस ने किया मौके से जब्त
- मृतक एवं आरोपी बस स्टैंड के पास गए थे पानी भरने



### सीसीटीवी कैमरा को खंगाला

इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा ने पत्रकारवार्ता में बताया कि उक्त घटनाक्रम के संबंध में डोंगरगांव पुलिस एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा आरोपियों की पतासाजी करने हेतु आसपास के सीसीटीवी कैमरा को खंगाला गया। साथ ही मुखबीर भी लगाए गए। विवेचना के दौरान सीसीटीवी के आधार पर पुलिस को पता चला कि उस दौरान आरोपिया भुनेश्वरी विश्वकर्मा और मृतिका श्रीमती रूखमणीबाई साहू दोनों बस स्टैंड के पास नल में पानी भरने आए थे।

### पत्थर से किया वार

रूखमणीबाई लगभग साढ़े 4 बजे अपने चारो पानी के डिब्बा को लेकर नल के पास आई, तब मौका देखकर आरोपिया ने अपने हाथ में रखे पत्थर से रूखमणीबाई के सिर में वार कर चोंट पहुंचाई, तब वह भागने लगी, लेकिन भुनेश्वरी पुनः उसे पकड़कर खींचकर नल के पीछे काम्प्लेक्स के पास घसीटकर ले गई। पास में रखे पत्थर से सिर में बार-बार वार किया एवं पुनः काम्लेक्स के पीछे प्रसाधन के पास सकरे जगह मे ले जाकर फेंक दिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त पत्थर को जब्त कर लिया है। आरोपिया को विधिवत गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है।

### पत्थर से वृद्धा के सिर पर किया हमला

पुलिस ने संदेह के आधार पर आरोपी भुनेश्वरी विश्वकर्मा 40 वर्ष से मनोवैज्ञानिक रूप से गहन पूछताछ किया, जो अपना जुर्म स्वीकार करते पुलिस को बताई कि दोनों प्रतिदिन वहां पानी भरने आते थे। इस दौरान पानी भरने के संबंध में अक्सर दोनों में विवाद होती रहती थी। जिससे आरोपिया अपने आपको मानसिक रूप से प्रताड़ित होना महसूस करती थी। इसी बात को लेकर आरोपिया ने योजनाबद्ध तरीके से हत्या करने की नियत से 30 नवंबर को रात्रि करीबन लगभग साढे 3 बजे रूखमणीबाई के नल के पास आने से पूर्व पहुंचकर अपने हाथ में पत्थर रखकर वार करने के लिए छुपकर खड़ी थी।

# गांव की सरकारी जमीन में हेराफेरी ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला अंतर्गत मोहला विकासखंड के ग्राम कंगलुटोला के सैकड़ों महिला-पुरूष ग्रामीण आज दोपहर 12 बजे दाना-पानी लेकर तहसील कार्यालय में धावा बोलते 3 घंटे तक कार्यालय का घेराव किया और राजस्व विभाग के खिलाफ तल्ख नारेबाजी करते धरना प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम की महिला कोटवार के परिवार द्वारा पूर्व में प्राप्त गांव के कोटवारी सेवा भूमि को बेचकर रजिस्ट्री करा लिए हैं और अब ग्राम में स्थित 10 एकड़ सरकारी निस्तारी की भूमि पर कब्जा कर ग्रामवासियों के बिना सहमति के फर्जी तौर पर पर्चा पट्टा बनवा लिया है। ग्रामीणों ने कोटवार द्वारा किए गए कब्जा और भूमिस्वामी बनाने को राजस्व विभाग मोहला के पटवारी-तहसीलदार की मिलीभगत का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने बताया कि मामले को लेकर पूर्व में राजस्व पखवाड़ा, कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत किया गया था। जिसके उपरान्त भी प्रशासन द्वारा आवश्यक कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद कंगलुटोला के महिला, पुरूष, युवक व ग्रामीण लामबंद होते हुए राजस्व प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करते घंटों तहसील ऑफिस को घेरे रखा। मौके पर राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे।

घंटों प्रदर्शन के बाद नायब तहसीलदार दिनेश साहू मोहला द्वारा आश्वासन के बाद किसानों ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया और कहा कि अगर हमारी मांगे पूरी नहीं होती है तो आगे हम बड़ा आंदोलन करेंगे।



### चुनाव बहिष्कार की भी तैयारी

ग्रामीणों ने प्रशासनिक अधिकारियों को चेतावनी दिया है कि अगर उनकी मांग पर गंभीरता के साथ जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो वे लोग पंचायत चुनाव का बहिष्कार करते मोहला तहसील ऑफिस में फिर से धावा बोलते अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे।

### लिया गया संज्ञान

तहसीलदार मोहला दिनेश साहू ने हरिभूमि को बताया कि इस मामले में पूर्व में ही न्यायालय तहसीलदार मोहला में 25 नवंबर को मामला दर्ज किया जा चुका है। जल्द ही मामले को निपटा दिया जाएगा।

### दाना-पानी लेकर पहुंचे ऑफिस

गांव की निस्तारी भूमि 10 एकड़ को कोटवार के कब्जे से छुड़वाने लगातार आवेदन देकर थक चुके गांव के महिला, पुरूष व ग्रामीण आज अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के लिए दिन-रात रूकने के हिसाब से राशन, पानी, दरी, गरम कपड़ा लेकर तहसील ऑफिस में दाखिल हुए और घंटों प्रदर्शन किया।

# शार्ट-सर्किट के कारण लगी थी आग, छह ट्रांसफार्मर जले, पांच लाख का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के कैलाश नगर स्थित सीएसईबी दफ्तर के यार्ड में रखे ट्रांसफार्मर में लगी आग को लेकर कारण सामने आ गया है। विभाग के मुताबिक आग शार्ट-सर्किट की वजह से लगी थी। इस हादसे में विभाग को करीबन पांच लाख का नुकसान हुआ है। यार्ड में रखे आधा दर्जन पुराने ट्रांसफार्मर इस हादसे में जलकर खाक हो गए हैं।

कैलाश नगर स्थित सीएसईबी के दफ्तर में शाम पांच बजे के करीब यार्ड में रखें ट्रांसफार्मर में आग लग गई थी। कुछ मिनटों में ही आग फैलने लगी। जिसके चलते आसपास भी अफरा-तफरी मच गई थी। डर के कारण लोग अपना घर छोड़कर भी भाग निकले थे। हालत यह थी कि आग की चपेट में घर के आने से बचने के लिए लोगों ने अपने घरों का सिलेंडर भी बाहर निकाल दिया था। हालांकि दो घंटे के भीतर ही फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पा लिया गया था।



*रविवार के कारण देर से पता चला : मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि रविवार होने के कारण आग लगने की जानकारी देर से पता चली। सामान्य दिनों में यार्ड के आसपास विभागीय कर्मचारी रहते हैं, लेकिन रविवार होने से वह इलाका पूरी तरह से खाली था। ऐसे में जब आग की लपटे बड़ी हुई, तब लोगों को हादसे की जानकारी हुई।*

### फोम से बुझाई गई आग

बताया गया यार्ड में ऑयल फैला हुआ था। यही कारण रहा कि उसे पानी से नहीं बुझाया गया, बल्कि फोम अग्निशमन की मदद से आग पर काबू पाया गया। ज्ञात हो कि फोम अग्निशमन प्रणालियों में फोम एक बुझाने वाला एजेंट है, जो ज्वलनशील या दहनशील तरल को ठंडा करके और सतह से प्रज्जवलन स्रोत को अलग करके बुझा सकता है। फोम आग और वाष्प दोनों को दबाता और बुझाता है।

# बारदाने की मांग, किसानों का सड़क पर संग्राम

**मोहला।** धान खरीदी केंद्र कौड़ीकसा में पर्याप्त बारदाना की मांग को लेकर आज सुबह 10 बजे से अन्नदाताओं ने सड़क पर शासन के खिलाफ लामबंद होते हुए संग्राम छेड़ दिया। अपने धान को बेचने सहकारी समिति में हो रहे अवस्था और बारदाना की कमी को लेकर क्षेत्र के सैकड़ों किसान राजनांदगांव-चंद्रपुर हाईवे में 2 घंटे तक चक्काजाम कर दिया। मुख्य मार्ग में चक्काजाम होने से आवागमन अवरुद्ध होते हुए मोहला और अंबागढ़ चौकी की ओर गाड़ियों की लंबी कतार लग गई।

उल्लेखनीय है कि धान खरीदी की शुरूआत से ही धान उपार्जन केंद्र कौड़ीकसा में किसानों को अपनी सालभर की कमाई समर्थन मूल्य में धान बेचने मुश्किलों के साथ पसीना बहाने के साथ-साथ अतिरिक्त आर्थिक भोझ उठाना पड़ रहा है। धान बेचने के लिए लगातार तकलीफ झेल रहे कौड़ीकसा क्षेत्र के किसानों का आज सब्र टूट गया और एक राय होते हुए किसानों ने धान उपार्जन केंद्र के सामने हाईवे जाम कर दिया। चक्काजाम की खबर पर प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद होकर किसानों को मनाने में लगे रहे। 2 घंटे के तनातनी के बाद समिति प्रबंधक के लिखित आश्वासन के बाद किसानों ने चक्काजाम आंदोलन को समाप्त किया।



### व्यापारी बेच रहे हैं मनमाने दर पर बोरा

समर्थन मूल्य पर अपनी फसल बेच रहे मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के किसानों को तकलीफों के दौर से गुजरना पड़ रहा है। सरकार के 50-50 के आंकड़ों में किसान उलझ गए हैं। इधर व्यापारी इस समय का पूरा फायदा उठा रहे हैं और मनमाने दर पर बारदाना किसानों को बेची जा रही है। जिसके लिए प्रशासनिक तौर पर किसी तरह का अंकुश नहीं लगाया जा रहा है।

### मिलर्स से नहीं मिल पा रहा है पुराना बारदाना

राईस मिलर्स और सरकार के बीच चल रहे तनातनी के बीच मिलिंग बंद कर दिए। जिसके कारण पुराना बारदाना धान उपार्जन केंद्र को प्राप्त नहीं हो रहा है। जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। बताया गया कि राजनांदगांव सहित प्रदेश के अन्य जिलों में राईस मिल संचालक पुराना बारदाना वापस कर रहे हैं, परंतु मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में इसकी शुरूआत नहीं हो पाई है।

## शाला स्तर पर ही होगा मूल्यांकन, 21 दिसंबर की डेडलाइन तय

# एक साथ होगी सरकारी स्कूलों में पहली से आठवीं कक्षा की छैमाही परीक्षा, शाला स्तर पर मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला शिक्षा विभाग ने छैमाही परीक्षा को लेकर सभी सरकारी स्कूलों को एक आदेश जारी किया है। जिसके अनुसार जिले की सभी सरकारी स्कूलों में पहली से आठवीं कक्षा की परीक्षा एक साथ आयोजित की जाएगी। परीक्षा के बाद 21 दिसंबर तक शाला स्तर पर ही मूल्यांकन कार्य समाप्त करने के भी निर्देश दिए गए हैं। हालांकि परीक्षा दिवस के दिन भी शाला अपने निर्धारित समय के लिए संचालित की जाएगी।

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पहली एवं दूसरी कक्षा की तीन विषय अंग्रेजी, गणित एवं हिंदी की परीक्षा होगी। तीसरी से पांचवी कक्षा की गणित, हिन्दी, अंग्रेजी एवं पर्यावरण चार विषय की परीक्षा ली जाएगी। छठवीं से



आठवीं के बच्चों की संस्कृत, विज्ञान, अंग्रेजी, हिन्दी, गणित एवं सामान्य विज्ञान को मिलाकर कुल छह विषय की परीक्षा आयोजित होगी। परीक्षा का आयोजन 13 दिसंबर से शुरू होकर 20 दिसंबर तक चलेगा।

### मिलेगा दो घंटे का समय

शिक्षा विभाग ने परीक्षा की समय अवधि भी तय कर दी है। जिसके अनुसार प्राथमिक शाला की परीक्षा दो घंटे की होगी, जो सुबह 11 से 01 बजे तक संचालित की जाएगी। वहीं पूर्व माध्यमिक शाला की परीक्षा 11 से 1.30 बजे तक ढाई घंटे चलेगी। वहीं शनिवार को परीक्षा सुबह 8 से 10.30 बजे के बीच आयोजित की जाएगी।

### कराएंगे परीक्षा की तैयारी

भले ही 13 से 20 दिसंबर के मध्य छैमाही परीक्षा का आयोजन किया जा रहा हो, लेकिन इस दौरान भी स्कूल अपने निर्धारित अवधि के लिए ही संचालित होगी। विभाग के आदेश अनुसार परीक्षा के बाद विद्यार्थियों को अगले दिन की परीक्षा के लिए तैयारी कराई जाएगी। वहीं 21 दिसंबर तक मूल्यांकन कार्य भी पूरा करने को कहा गया है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
कैंसर चिकित्सा विभाग
उपलब्ध सुविधाएं
• ब्लड कैंसर • ब्रेस्ट कैंसर
• कोलोन कैंसर, • लीवर कैंसर
• फेफड़ों के कैंसर, • अमाशय के कैंसर
• प्रोस्टेट कैंसर, • बड़ी आंत और छोटी
• आंत का कैंसर • मुंह व गले के कैंसर का इलाज
साथ ही सभी तरह के कैंसर की जांच
ऑपरेशन और कीमो थैरेपी की सुविधा
आयुष्मान से कैंसर की आपरेशन की सुविधा उपलब्ध
➡ हाईटेक आईसीयू एवं सीसीयू ➡ अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ
➡ हाई टेक ट्रॉमा सेंटर एक्सीडेंटल केस के लिए ➡ 24 घंटे आपातकालीन सुविधा
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### जन आक्रोश सभा व रैली का आयोजन आज

**कवर्धा।** हिन्दू रक्षा मंच जिला कबीरधाम के तत्वाधान में 3 दिसम्बर को जलिा मुख्यालय कवर्धा में विशाल जन आक्रोश सभा व रैली का आयोजन किया जा रहा है। आयोजकों द्वारा इस कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस संबंध में आयोजकों से मिली जानकारी के अनुसार बांग्लादेश में हो रहे गैर-मुस्लिम अल्पसंख्यको पर अत्याचार के विरोध में हिन्दू रक्षा मंच जिला कबीरधाम के द्वारा 3 दिसम्बर को दोपहर 2.00 बजे जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित गांधी मैदान में विशाल जन आक्रोश सभा व रैली का आयोजन किया जा रहा है। आयोजकों ने जिले एवं प्रदेशवासियों से इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने लोगों से आव्हान किया है।

### एचआईव्ही एड्स के प्रति जागरुकता कार्यक्रम

**कवर्धा।** आस्था समिति द्वारा जोखिम समुदाय में एचआईवी एड्स के प्रति जनजागरूकता हेतु सामुदायिक कार्यक्रम का आयोजन 1 दिसम्बर को संस्था कार्यालय कवर्धा जिला कबीरधाम छत्तीसगढ़ में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ बीएल राज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, दौलतराम कश्यप आस्था समिति अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के अध्यक्षता, विशिष्ट अतिथि बालाराम साहू जिला समन्वयक-रेडक्रास सोसाइटी, नीलेश टांडेकर क्षय विभाग, डॉ राजेंद्र जांगड़े, गणेश गुप्ता - सरपंच ग्राम प्रभाटोला की गरिमामयी उपस्थिति थे। डॉ. बीएल राज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने उद्बोधन में एचआईवी एड्स की रोकथाम की जानकारी दिया एवं आगे कहां की सही रास्ता अपनाएं मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार, हम सभी को एचआईवी एड्स के प्रति अपना स्टेटस पता होना चाहिए, इसके लिए लोगों को जानकारी होना चाहिए तथा जागरूकता के माध्यम से समुदाय को इससे सुरक्षित रखा जा सकता हैं इसकी जिम्मेदारी हम सब की हैं। कार्यक्रम को अन्य लोगों ने भी संबोधित करते हुए एसआईवी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रामानुज पाली, मोनिका बांधेकर, लक्ष्मी, आशीष, रामकिनकर, ज्योति, अभिषेक, देवेन्द्र, शालिनी, आरती, नरबदिया, शशि, प्रीति, संगीता, इंद्रानी यादव एवं कार्यक्षेत्र की महिला पुरुष का योगदान सराहनीय रहा।

### निधन

#### चंद्र कुमार तम्बोली



**कवर्धा।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं सेवानिवृत्त स्टेट बैंक कवर्धा चंद्र कुमार तम्बोली का गत रविवार को आकस्मिक निधन हो गई। वे करीब 70 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार कवर्धा नगर स्थित मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासियों, समाज के लोगों तथा परजिनो ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। स्व. चन्द्र कुमार तम्बोली सुनील तम्बोली, जितेंद्र तम्बोली, सुनीता, रंजिता तंबोली के पिता थे।

# जनपद पंचायत बोड़ला का निलंबित लेखापाल राऊतकर निकला कुबेर भण्डारी

- एसीबी को राऊतकर के ठिकानों से मिले करोड़ों की अचल सम्मति के दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के सरकारी विभागों में पदस्थ अधिकारी और कर्मचारी किस ढंग से भ्रष्टाचारी कृत्यों को अंजाम देकर अपनी तिजोरियां भर रहे हैं इसकी एक बानगी जनपद पंचायत बोड़ला कार्यालय में पदस्थ लेखापाल नरेन्द्र राऊतर के ठिकानो में एण्टी करेप्शन ब्यूरो की छापामार कार्यवाही के दौरान सामने आई है।

जानकारी के मुताबिक जनपद क्षेत्र बोड़ला के सरपंचों से एक लाख रूपए की रिश्वत लेते हुए सितम्बर माह में गिरफ्तार किए गए जनपद पंचायत बोड़ला के लेखापाल नरेन्द्र राऊतर के कवर्धा स्थित मकान सहित अन्य आधा दर्जन ठिकानो में बीते रविवार को एण्टी करेप्शन ब्यूरो की टीम ने एक बार फिर छापा मारा है। जिसमें करोड़ों की आय से अधिक अचल सम्पत्ति का खुलासा हुआ है। बताया जाता है कि एण्टी करेप्शन ब्यूरो की टीम ने नरेन्द्र राऊतर के कवर्धा स्थित आनंद बिहारी कॉलोनी के उनमें निज मकान के अलावा बिलासपुर, कोण्डागांव तथा राजनांदगांव सहित अन्य ठिकानो में छापामार कार्यवाही की है। जिनमें बड़ी मात्रा में अचल सम्पत्ति से संबंधित दस्तावेज बरामद किए गए है। इन ठिकानो से एण्टी करेप्शन ब्यूरो की टीम को 18 एकड़ की कृषि भूमि, करीब 42 डिस्मिल में बने पक्के मकान सहित अन्य करोड़ों की अचल सम्पत्ति से संबंधित दस्तावेज मिले है। जिनके संबंध में एण्टी करेप्शन ब्यूरो की टीम ने करीब 12 घंटे तक नरेन्द्र राऊतर तथा उनके परजिनो तथा अन्य नाते रिस्तेदारों से पूछताछ की है।

सूत्रों की माने तो अभी भी आय से अधिक सम्मति के इस मामले में एण्टी करेप्शन ब्यूरो की कार्यवाही जारी है। यहां बताना लाजिमी होगा कि जनपद पंचायत बोड़ला में लेखापाल के पद में पदस्थ नरेन्द्र राऊतरकर पर एण्टी करेप्शन ब्यूरो ने गत 12 सितम्बर को क्षेत्र के ग्राम सरपंचों की शिकायत पर पहली कार्यवाही की थी और श्री राऊतकर को विभिन्न सरकारी निर्माण कार्यो की राशि स्वीकृत कराने के नाम पर एक लाख रूपए की रिश्वत लिए जाने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जिसके बाद उन्हें न्यायालय द्वारा अभी करीब महिनेभर पूर्व ही जमानत में रिहा किया गया था और उनकी रिहाई के कुछ दिन बाद ही एण्टी करेप्शन ब्यूरो की टीम ने दूसरी बार उनके ठिकानो में पुनः दबिस दी है जिसकी कार्यवाही जारी है।




#### करीब बीस सालों से जनपद पंचायत में था पदस्थ

ऐसे भ्रष्ट अधिकारी कर्मचारियों पर सत्ता शासन की मेहरबानी ही कहें की नरेन्द्र राऊतर जनपद पंचायत बोड़ला में बौत करीब 20 सालों से पदस्थ है। इस दौरान भाजपा की सरकार आई और चली गई, कांग्रेस की सरकार भी आई और चली गई और पुनः भाजपा की सरकार आ गई। लेकिन सभी राजनैतिक दलों के एक प्रकार चहेते और कमाऊपूत रहे नरेन्द्र राऊतकर अपनी कुर्सी से चिपके रहे। यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले के सरकारी विभागों और दफ्तरों तथा विभिन्न संस्थाओं में इस तरह से कई अधिकारी और कर्मचारी विभिन्न पदों में वर्षो से कुण्डली मारकर बैठे है और अपने भ्रष्टाचारी तथा कमीशनखोरी जैसे कृत्यों को अंजाम दे रहे हैं। अब इन कमाऊपूत अधिकारी कर्मचारियों पर शासन-प्रशासन इतनी मेहरबान क्यों है यह बताने की जरूरत नहीं है।

## विरोध: सामूहिक इस्तीफा की चेतावनी, बंद रहेंगी शासकीय राशन दुकानें

# बारदाना को लेकर फरमान जारी पीडीएफ दुकान संचालक खफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

प्रदेश सहित जिले में चल रही समर्थन मूल्य में धान खरीदी के बीच शासन-प्रशासन द्वारा समितियों में बारदाने की भारी कमी को दूर करने जिस ढंग से कार्यवाही की जा रही है उसे लेकर अब खुलकर विरोध सामने आने लगा है। दरअसल शासन-प्रशासन द्वारा धान खरीदी के लिए बारदानो की किल्लत को दूर करने के लिए पहले तो राईस मिलर्स के ठिकानो में दबिस दी और अब शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालकों पर बारदाना जमा करने के लिए सख्ती बरती जा रही है। इसके लिए शासन के निर्देश पर प्रशासन ने बकायदा शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालकों को नोटिस भी जारी किया गया है। आरोप है कि प्रशासन द्वारा जारी नोटिस में जिस ढंग शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालकों के लिए फरमान जारी किए गए है उसे लेकर अब शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालक संघ ने शासन-प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और सामूहिक इस्तीफा तक देने की चेतावनी दे डाली है। वहीं प्रशासन के इस फरमान के विरोध में मंगलवार को जिलेभर की शासकीय उचित मूल्य की दुकानो को बंद रखने का ऐलान किया है। अपनी इस समस्या और मांगों को लेकर सोमवार को उप मुख्यमंत्री कार्यालय कवर्धा पहुंचे जिलेभर के शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालकों ने बताया कि प्रशासन द्वारा उन्हें बारदाना के लिए अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है। संघ के ब्लाक अध्यक्ष विजय धृतलहरे ने बताया कि प्रशासन ने संचालकों को जो आदेश जारी किया है उसमें कहा गया है कि संचालक सौ प्रतिशत बारदाना सही अवस्था में वापस लौटाएं और अगर संचालक ऐसा नहीं करते तो उनके कमीशन से प्रति बोरा 50 रूपए की राशि काटी जाएगी। इतना ही नहीं संचालकों की माने तो उन्हें बारदाना जमा नहीं करने पर अपराध पंजीबद्ध करने तक की चेतावनी दी गई है। जबकि संचालकों का स्पष्ट कहना है कि उन्हें चावल भरकर जो बोरा दिया जाता है वह पहले से पुराना और फटा होता है ऐसी स्थिति में वे शत प्रतिशत साफ सुथरा बोरा वापस कैसे लौटा सकते हैं, यह समझ से परे है। वहीं संचालकों का यह भी कहना है कि राशन दुकानो से हर माह बारदाना का उठाव नहीं किया जाता एक साथ कई-कई महिनो के बारदाना की मांग अब एक साथ की जा रही है। जबकि संचालकों के पास न तो बारदाना रखने की उचित व्यवस्था है और न ही वे इतने लम्बे समय तक बारदानों को सुरक्षित रख पाते हैं। यही वजह है कि संचालकों को अब प्रशासन का फरमान जरा भी रास नहीं आ रहा है और उन्होने इसके खिलाफ मोर्चा खोलते हुए सामूहिक इस्तीफा की चेतावनी दे दी है। देखने वाली बात होगी की बारदाना की इस लड़ाई का समाधान आगे किस ढंग से किया जाता है।

#### वर्षो से नहीं किया गया बारदाना का भुगतानः संघ



शासकीय राशन दुकानदार एवं विक्रेता कल्याण संघ के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया है कि शासकीय राशन दुकानदार वर्ष 2020, 21, 22, 23, 24, में लक्ष्य के अनुरूप बारदाना विपणन एवं सहकारी समिति में जमा किए हैं जिनका भुगतान आज तक दुकानदार को नहीं हुआ अनेक बार दुकानदार भुगतान के लिए आवेदन निवेदन कर चुके हैं लेकिन उन्हें भुगतान अप्राप्त है। इसके बावजूद अब संचालकों के विरूद्ध इस प्रकार की सख्ती करना कतई उचित नहीं है।

# नित-नए ऑनलाइन एंट्री कार्य से शिक्षक हलाकान

- पढ़ाई हुई गौण, अन्य सभी कार्य हुआ मुख्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

विद्यालय में शिक्षकों की नियुक्ति इसलिए किया जाता है, ताकि वे बच्चों को पढ़ाएं, उन्हें समाज के लिए उपयोगी बनाएं। बच्चों को सही या गलत मार्ग का चयन करना सिखाए। छात्रों के व्यवहार में कुशलता लाना, उनका सर्वांगीण विकास करना, लेकिन आजकल ये सब केवल सैद्धांतिक ही प्रतीत होते नजर आ रहा है, व्यवहार में ऐसा कुछ होते हुए दिखाई नहीं दे रहा है। इसका मतलब यह नहीं है कि शिक्षक अपने दायित्व से मुंह मोड़ लिए हैं। शिक्षक अपने दायित्व का निर्वहन तो करना चाह रहे हैं, लेकिन नित नए विभागीय ऑनलाइन कार्यों के चलते अपने मूल कार्यों से परे होते जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने कहा कि विभाग की ओर से वर्तमान में दिए जा रहे नित-नए ऑनलाइन कार्यों से शिक्षक का मूल कार्य गौण होते जा रहा है और ऑनलाइन कार्य ही मुख्य होकर रह गया है। प्राथमिक व मिडिल स्कूलों में प्रतिदिन मध्यान्ह भोजन की एंट्री, हाई व हायर सेकेण्डरी स्कूलों में माध्यमिक शिक्षा मंडल में नामांकन व परीक्षा फार्म, यूडाइस में सभी विद्यार्थियों की एंट्री कार्य किया ही जाता है। सभी स्कूलों में छात्रवृत्ति की एंट्री व दस्तावेज अपलोड कार्य करना पड़ रहा है। अब अपार आईडी की एंट्री कर जनरेट करने का कार्य भी शिक्षकों को ही करना पड़ रहा है। परख परीक्षा व विद्यार्थियों के उत्तरों की ऑनलाइन एंट्री ने शिक्षकों को ऐसे परेशान किया कि इस कार्य के चलते पखवाड़े भर अध्यापन कार्य ही ठप हो गया था। इतना ही नहीं प्रत्येक माह कोई न कोई ऑनलाइन प्रशिक्षण व अलग-अलग किसी जानकारी के नाम पर परेशान होना पड़ रहा है। इसके अलावा गूगल फार्म पर नित नए जानकारी भरने का फरमान भी जारी होते रहता है। कार्यालय में बैठकर फरमान जारी करने वाले अधिकारियों को यह कार्य कुछ समय का भले ही लगता हो, लेकिन व्यवहारिक में यह अध्यापन करने वाले शिक्षकों के लिए व्यवधान का मुख्य कारण बन गया है। जब भी कोई जानकारी मांगा जाता है, वे सभी के सभी अर्जेन्ट व उसी दिन व्हाट्सएप्प में देने के लिए कहा जाता है। अब प्रश्न उठता है कि आखिर सभी जानकारी अर्जेन्ट उसी दिन उसी समय देने की आवश्यकता क्यों पड़ता है? शिक्षक को हर एक घण्टे मोबाइल खोलकर देखना पड़ता है कि कहीं कोई जानकारी देने से छूट न जाए। यदि कोई जानकारी कहीं छूट गया तो स्पष्टीकरण व बचाव के लिए मिन्नते करने के लिए तैयार रहना पड़ता है। किसी कारण से मध्यान्ह भोजन की ऑनलाइन एंट्री छूटने पर स्पष्टीकरण आए दिन निकलते ही रहता है। ऑनलाइन कार्यों की इस आपा-धापी में शिक्षक ये सोंचने पर मजबूर हो जाता है कि उनकी नियुक्ति शिक्षक के पद पर हुआ है या कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर? ऐसे भी ज्यादातर शासकीय विद्यालय शिक्षकों की कमी से जूझ रहा है, इसके बावजूद उनसे लगातार ऑनलाइन कार्य कराए जाने से अध्यापन व्यवस्था पर विपरीत असर पड़ रहा है। विभागीय उच्चाधिकारियों के लिए यह विचारणीय विषय है। उन्हें शिक्षकों को अध्यापन में रत रखने के लिए इस समस्या का सार्थक समाधान निकालने की आवश्यकता है।

# किसानों के पंजीयन में त्रुटियों को दुरुस्त कराने भारतीय किसान संघ ने की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶बोड़ला




जिले में कोई भी किसान पंजीयन में त्रुटि के चलते समितियों में अपनी फसल बेंचने से वंचित न रह जाए इस बात को गंभीरता से लेते हुए भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों द्वारा लगातार प्रयास और कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में भारतीय किसान संघ के द्वारा जिले की सभी सातों तहसीलों में जिन किसानों का धान पंजीयन में रकबा संशोधन, केरी फॉरवर्ड तथा नवीन पंजीयन का आवेदन लंबित था उसे भारतीय किसान संघ के तहसील अध्यक्षों द्वारा अपनी कार्यकारिणी सहित तहसील कार्यालय पहुंचकर सुधरवाया गया। भारतीय किसान संघ द्वारा पूर्व में भी इस विषय को प्रमुखता से जिलाधीश के सामने उठाया गया था। भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिले का कोई भी किसान पंजीयन में त्रुटी की वजह से धान बेचने से वंचित न रह जाए इस बात का विशेष ध्यान रखते हुए संघ पूरा प्रयास कर रहा है।

# बोड़ला में मूर्ति खंडित करने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग

- एनएसयूआई के पदाधिकारियों ने बोड़ला थाना में सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶बोड़ला

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई द्वारा नगर पंचायत बोड़ला में भगवान भोलेनाथ की मूर्ति खंडित करने वाले एवं मां काली की मूर्ति चोरी करने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बोडला को ज्ञापन सौंपा गया। एनएसयूआई के संगठन प्रभारी अमन वर्मा द्वारा बताया गया कि 48 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी पुलिस प्रशासन द्वारा अब तक आरोपियों की पहचान नहीं की गई है। जिससे पुलिस प्रशासन के ऊपर कई तरह से सवाल उठ रहे है। जिस जगह घटना हुई उस स्थान पर हमेशा पुलिस की 112 गाड़ी गश्त करती है, लेकिन इसके बाद भी मंदिर जैसे पवित्र स्थल में इस तरह की घटना घटी है। एनएसयूआई के ब्लॉक अध्यक्ष जलेश धुर्वे द्वारा बताया गया कि बोडला के तहसील चौक स्थित मिलन चौक में हुई यह घटना दुर्भाग्यजनक है। भाजपा शासन आने के बाद अपराध इतनी बढ़ गई है कि भगवान भी सुरक्षित नहीं है। इस मामले को लेकर जल्दी बड़ा आंदोलन एनएसयूआई द्वारा की जाएगी ज्ञापन के दौरान प्रदेश सचिव एनएसयूआई आनंद चंद्रवंशी जनपद सदस्य सूरज वर्मा जिला महासचिव एनएसयूआई प्रवीण वर्मा लुकेश्वर वर्मा मानस धुर्वे इत्यादि उपस्थित थे।

## आम बाजार में नलकूप का लोकार्पण



**कोदवागोड़ान** आम बाजार दुल्लापुर में पेयजल की समस्या को लेकर काफी समय से जनता की मांग पर क्षेत्रीय जनपद सदस्य पारस बंगानी ने अपने जनपद निधि के तहत 15 वें वित्त की राशि से ग्राम पंचायत भवन के पास उक्त स्थल पर बोर खनन पश्चात रविवार को एक सादे समारोह में मोटर चालू करके लोकार्पित किया। जनपद सदस्य एवं पूर्व जनपद उपाध्यक्ष श्री पारस बंगानी ने बताया कि आमबाजार मैं पेयजल की व्यवस्था नहीं होने से लोगों को काफी परेशानी हो रही थी किंतु अब इस नलकूप के बन जाने से आम जन को राहत मिलेगी। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व सरपंच कन्हैया यादव जनार्दन मिश्रा, कृष्ण कुमार बटवे, रामचरण साहू जागेश पूरी, लव कुमार चंदेल, गोविंद यादव, विजय सिंह ठाकुर थलेश देवांगन के अलावा ग्रामवासी एवम पंचायत के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस मोटर पंप स्थापना से ग्रामवासी के साथ ही दुल्लापुर बाजार आने वाले ग्राम वासी को एवं किसानों को पेयजल का पूरा लाभ मिलेगा।

# एचआईवी पॉजिटिव व्यक्तियों को नि:शुल्क विधिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कबीरधाम कवर्धा, श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे के निर्देशानुसार और मार्गदर्शन में जिले में विभिन्न विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में से एक महत्वपूर्ण शिविर शासकीय अनुसूचित जनजाति छात्रावास में आयोजित किया गया, जो सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला न्यायालय की न्यायिक मजिस्ट्रेट पूजा मंडावी और वर्षा गुर्दे ने एचआईवी/एड्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एड्स एक गंभीर बीमारी है, जो एचआईवी संक्रमण के कारण होती है। यह रोग असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित रक्त का उपयोग, दूषित सिरिंज और ब्लेड के साझा उपयोग से फैलता है। उन्होंने इस बीमारी की जानकारी को बचाव का सबसे बड़ा साधन बताते हुए इससे बचने के प्रभावी उपायों पर भी प्रकाश डाला। जागरूकता का यह अभियान छात्रावास तक सीमित नहीं था। ग्राम पंचायत सूरजपुरा, घटमुड़वा और दुर्जनपुर में भी विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में ग्रामीणों को एचआईवी/एड्स से संबंधित जानकारी के साथ-साथ उनके विधिक अधिकारों के प्रति भी जागरूक किया गया।

## मछुआरों ने तीन साथियों की मदद से जलाशय से बाहर निकाला

# सरोदा जलाशय में मिली 65 किलों की मछली

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के मध्यम सिंचाई परियोजना सरोदा बांध में सोमवार को नेताजी मछुआरा समिति के मछुआरों को जाल में बड़ी मछली मिली है। मछुआरों ने सोमवार सुबह मछली पकड़ने जाल फैलाया, लेकिन एक मछुआरा ने मछली को बाहर निकालने में असफल हो गया। उन्हें लगा की कोई भारी भरकम वस्तु जाल में फंस गया है। मछुआरा ने अपने साथियों को आवाज दी और अन्य लोगों की मदद से जाल को पानी से बाहर निकाला। जाल को पानी से बाहर निकालने पर मछुआरे अचंभित हो गए। जाल में मछुआरों को लगभग 6 फिट से विशालकाय मछली मिली। मछली का वजन लगभग 65 किलो बताई गई। मछुआरों ने अपने तीन साथियों की मदद से सरोदा बांध से उपर मछली को निकालने में सफल हुए। मछली पालन विभाग के सहायक संचालक आरडी सिंह ने बताया कि कवर्धा शहर के समीप मध्यम जलाशय सरोदा बांध है। इस जलाशय में मछली पालन के लिए स्थानीय स्तर पर तीन समिति नेताजी मछुआरा समिति, श्रीराम मछुआ सहकारी समिति और केंवट मछुआरा समिति को पट्टे पर दिया गया है। राज्य शासन के मत्स्य विभाग द्वारा स्थानीय मछुआरा समितियों को लीज में देने से यहां के स्थानीय लागों को रोजगार मुहैया हो रही है। इससे पहले इस जलाशय से 80 किलो वजनी बड़ी मछली मिली थी। नेताजी मत्स्योद्योग सरकारी समिति के सदस्य हीरालाल मल्लाह, सुखदेवराम मल्लाह, राजेंद्र मल्लाह और अन्य सदस्यों ने 65 किलों की बड़ी मछली को पकड़ा है। उन्होंने बताया कि यहां मछली स्थानीय बाजार में बिक्री के लिए ले जाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरोदा जलाशय में रोज की तरह आज भी जिले के मछुवारे मछली पकड़ने गए थे। तभी अचानक जाल मे 65 किलो के मछली को पकड़कर हीरालाल मल्लाह और उसके साथी बहुत उत्साहित हो गए। नेताजी मत्स्योद्योग सरकारी समिति के कार्यकारिणी सदस्य दीना मल्लाह ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार मे मछुआरों को शासन के विभिन्न योजनाओं का लाभ और समर्थन मिल रहा है। इसके लिए सभी मछुवारा सदस्यो ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्य के मुख्यमंत्री विष्णू देव साय एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का बहुत बहुत आभार व्यक्त किया है।



